वार्षिक रिपोर्ट 2019-2020

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान
इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली
iipa.org.in

गाँधीजी का तिलिस्म

''मैं तुम्हें एक तिलिस्म दूँगा। जब भी तुम्हें संदेह हो अथवा तुम्हारा अहम् प्रबल होता दिखाई दे, तो यह कसौटी आजमा कर देखो:

तब उस सबसे गरीब और निर्बल व्यक्ति का चेहरा याद करो जिसे तुमने देखा है और फिर अपने आप से पूछो कि तुम जो कदम उठाने का विचार कर रहे हो क्या वह उस आदमी के लिए उपयोगी होगा? क्या उससे उसको कुछ लाभ होगा? क्या उससे वह अपने जीवन और भाग्य पर नियंत्रण रख सकेगा? दूसरे शब्दों में, क्या उससे उन करोड़ों भूखे और अतृप्त लोगों को स्वराज्य मिलेगा?

तब तुम देखोगे कि तुम्हारा संदेह मिट रहा है और अहम् समाप्त हो रहा है।''

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

मोहनदास
करमचंद गाँधी

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान

इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली- 110002

66वीं
वार्षिक रिपोर्ट
2019-2020

31 अक्तूबर, 2020 को आम सभा
की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (भा.लो.प्र.सं) की स्थापना राज्य तथा केंद्र स्तर पर शासन के कार्यों के प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण तथा शोध के माध्यम से प्रशासनिक सेवकों में अपेक्षित ज्ञान, कौशल तथा व्यवहारिक सामर्थ्य-निर्माण करने हेतु की गई थी। सरकारी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के अधिशासियों की नेतृत्व, प्रबंधन तथा प्रशासनिक सामर्थ्य-वर्धन के अपने प्रयास में, संस्थान राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के निकट सहयोग से कार्य करता है। संस्थान के प्रशिक्षण तथा शोध कार्यक्रम इसकी विशद सूचना प्रबंधन तथा अनुभव-साझा करने की गतिविधियों से जुड़े हुए हैं।

संस्थापक जनकों की संकल्पना पर निर्मित, भा.लो.प्र.सं. का लक्ष्य संस्थान को लोक प्रशासन, नीति-निर्माण तथा उसके कार्यान्वयन पर विचार तथा उसे प्रभावित करने वाले विश्व के प्रभावशाली अग्रणी शिक्षण केन्द्रों में से एक केन्द्र बनाना है, जो शासन पद्धति को नागरिकों की आवश्यकताओं तथा अपेक्षाओं के प्रति अधिक उत्तरदायी तथा लोकतांत्रिक समाज में मानव मूल्यों के साथ संरेखित करने में समर्थ कर सके।

कार्यकारी परिषद्
(01.4.2019 से 31.03.2020)

सभापति

श्री. एम. वेंकय्या नायडू
भारत के माननीय उपराष्ट्रपति
6, मौलाना आज़ाद रोड
नई दिल्ली- 110011

अध्यक्ष

श्री.टी.एन. चतुर्वेदी
(कर्नाटक तथा केरल के पूर्व राज्यपाल)
'प्रकाशालय',
ए-4, सेक्टर 17
नोएडा- 201301 (उ.प्र.)
(01.04.2019 से 05.01.2020)

डा. सी. चंद्रमौलि
सचिव
कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग
कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय,
भारत सरकार
कमरा नं. 112, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली- 110001
(11.01.2020 से आगे)

उपसभापति

श्री शेखर दत्त
(छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल)
फ्लैट सं. सी-805, 8वीं मंज़िल, कीनवुड टॉवर, चार्मवुड विलेज,
सूरजकुंड रोड, फरीदाबाद- 121009 (हरियाणा)

कार्यकारी परिषद् के सदस्य

प्रो. राजकुमार
कुलपति
पंजाब विश्वविद्यालय
चंडीगढ़- 160014

श्री एस. एस. क्षत्रिय
अध्यक्ष
भा.लो.प्र.सं. महाराष्ट्र क्षेत्रीय शाखा
भूतल, महाराष्ट्र बैंक के साथ, मुख्य मंत्रालय
हुतात्मा राजगुरू चौक, मैडम कामा रोड,
मुंबई-400032

प्रो. जोसेफ के. अलेक्ज़ेंडर
अध्यक्ष
भा.लो.प्र.सं. केरल क्षेत्रीय शाखा
मार्फत, एलेक्सी जोस, टी.सी., 41/1950 (1)
ए-56, पंडित कॉलोनी, कॉडीयार
थिरुवनंतपुरम- 695003

प्रो. एन. लोकेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
भा.लो.प्र.सं. मणिपुर क्षेत्रीय शाखा
मार्फत मणिपुर विश्वविद्यालय
काँचीपुर, इंफाल- 795003

श्री अमिताभ कांत
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
नीति आयोग, भारत सरकार
नीति भवन, संसद मार्ग
नई दिल्ली- 110001

प्रो. के.के. पाण्डेय
भा.लो.प्र.सं.
नई दिल्ली- 110002

श्री एस.सी. मिश्रा
अध्यक्ष
भा.लो.प्र.सं. ओडिशा क्षेत्रीय शाखा
क्वार्टर सं. VIC 2/1, यूनिट-1,
भुवनेश्वर- 751009

डॉ. टी.वी. सोमनाथन
सचिव
व्यय विभाग
वित्त मंत्रालय, भारत सरकार
कमरा सं. 128 सी, नार्थ ब्लॉक
नई दिल्ली- 110001

सदस्य सचिव

श्री सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी
निदेशक
भारतीय लोक प्रस्थान संस्थान,
आई.पी. एस्टेट, रिंग रोड,
नई दिल्ली- 110002

निदेशक की ओर से

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (भा.लो.प्र.सं.) के लिए वर्ष 2019-20 कुछ दुखद रहा क्योंकि 5 जनवरी, 2020 को संस्थान ने अपने अत्यंत आदरणीय तथा परमप्रिय अध्यक्ष श्री. टी.एन. चतुर्वेदी को खो दिया। 3 जनवरी, 2020 को संस्थान ने अपने एक अन्य निष्ठावान डा. यू.सी. अग्रवाल को भी खो दिया जो भारत के पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त थे और लंबे समय से संस्थान के आजीवन सदस्य थे और इसके पूर्व निदेशक भी रहे। डा. सी. चंद्रमौलि, भारतीय प्रशासनिक सेवक, सचिव, भारत सरकार, कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार को भा.लो.प्र.सं. का अंतरिम अध्यक्ष चुना गया।

इन दुखद स्मृतियों के बावजूद 2019-20 में संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियाँ तीव्र हुईं। सामर्थ्य-निर्माण तथा अध्ययन यात्रा कार्यक्रमों में विविध एवं व्यापक विषय शामिल किए गए, अनुप्रयुक्त शोध कार्य विशेषत: शासन के समस्यापूर्ण क्षेत्रों में शोध कार्य ने संकाय तथा अधिकारियों दोनों पर समान रूप से पर्याप्त दबाव बनाए रखा। संसाधन जुटाने में भी संस्थान को अनुरूप सफलता प्राप्त हुई जिसने आगे संस्था को अपना वार्षिक लेखा सुधारने में सहायता की। वित्त वर्ष (मार्च 2020) के अंत में विश्वव्यापी महामारी कोविड-19 के कारण भा.लो.प्र.सं. की गतिविधियाँ धीमी हो गईं।

सामर्थ्य-निर्माण मे, संस्थान ने बड़े स्तर पर सरकार की अग्रणी योजनाओं में प्रवेश प्राप्त किया। भारत सरकार में संयुक्त सचिव के स्तर पर पार्श्व प्रवेश करने वाले अधिकारियों; वन सेवा तथा सिविल इंजीनियरी के वरिष्ठ अधिशासियों हेतु लोक नीति तथा शासन; सार्वजनिक क्षेत्र के अधिशासियों हेतु नेतृत्व तथा टीम निर्माण सॉफ्ट कौशल; शहरी शासन तथा कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (ए.एम.आर.यू.टी.) संबंधित योजनाओं का कार्यान्वयन, वरिष्ठ इंजीनियरों हेतु प्रशासनिक विधि; ई-शासन पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, परिवर्तन प्रबंधन पर अत्याधुनिक मॉड्यूल; सरकारी प्रक्रिया तथा डिजिटल इंडिया ढाँचे में पुनर्गठन; लिंग संवेदनशीलता; स्मार्ट शहर; जलवायु परिवर्तन, उपभोक्ता संरक्षण तथा विशेषत: वैज्ञानिकों हेतु नए लोक प्रबंधन इन सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने संस्थान के संकाय वर्ग को सीखने तथा शिक्षण के नए अवसर उपलब्ध कराए। संस्थान ने उत्तर प्रदेश के जनों तथा अन्य न्यायिक अधिकारियों के लिए प्रबंध विकास कार्यक्रम का संचालन आरंभ किया है। भा.लो.प्र.सं. ने भारतीय राजस्य सेवा (सीमा शुल्क तथा अप्रत्यक्ष कर) हेतु सेवामध्य प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा भारतीय राजस्व सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों हेतु यूरोप में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक संचालन किया। विदेश मंत्रालय के भारतीय तकनीकी तथा अधिक सहयोग (आई.टी.आई.सी.) कार्यक्रम के अंतर्गत ट्यूनीशिय, अफ़गानिस्तान, वियतनाम, इथोपिया, बाँग्लादेश, रूस, नेपाल, म्यांमार तथा विविध अन्य अफ्रीकी, लेटिन अमेरीकी तथा मध्य-पूर्व देशों से अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। भा.लो.प्र.सं. ने गत वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 145 कौशल विकास कार्यक्रम, संगोष्ठियाँ तथा कार्यशालाएँ आदि आयोजित कीं। विदेशी प्रशिक्षणार्थियों को मिलाकर लगभग 7,191 अधिकारियों ने इनमें भाग लिया। मात्र प्रशिक्षण गतिविधियाँ से संस्थान को लगभग 20.79 करोड़ की आय हुई।

भा.लो.प्र.सं. के अनुप्रयुक्त शोध विंग ने शासन के विशिष्ट महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गुणात्मक उन्नति की। अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं का मूल्याँकन कर उनमें सुधार की सिफारिश करने वाली परियोजनाएँ जिन्होंने अंतरमंत्रालयी समन्वयन की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया; गृह मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय, डाक विभाग, युवा मामले तथा खेल मंत्रालय और जनजातीय मामले मंत्रालय की योजनाओं का मूल्याँकन। पंचायती राज संस्थानों को संसाधनों को बढ़ानें के उपायों का आकलन, गृह मंत्रालय का पुनर्गठन, राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क का प्रभाव आकलन, बहु-क्षेत्रीय विकास योजनाओं का प्रभाव आकलन, खेलो भारत कार्यक्रम कर मूल्याँकन भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्राइफेड) योनजाओं का मूल्याँकन तथा उपभोक्ता कल्याण क्षेत्रों का अध्ययन कर उनमें पद्वतिबद्ध सुधार की सिफारिश; भारत सरकार के पदों की भर्ती प्रक्रिया में क्षेत्रीय असंतुलन के संबंद्ध में शोध, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का मूल्याँकन, जलवायु परिवर्तन के समक्ष जटिल आपदाओं के प्रबंधन हेतु सामर्थ्य-निर्माण रणनीतियाँ आदि शोध अध्ययन किए। शहरी फ्रंट पर, भा.लो.प्र.सं. ने इको-शहरों के ऊर्जा कौशल का

अध्ययन किया तथा शहरी शासन के मुद्दों, प्रक्रियाओं, नवीनताओं तथा एन.डी.एम.सी. की जनशक्ति आश्यकता का आकलन करने के लिए शहरी स्तर पर अध्ययन किए। इन अध्ययनों में प्रमाणित हुआ कि विकेंद्रीकृत-भागीदारी प्रचालन लाभकारी है जिसके परिणामस्वरूप कार्यकुशलता में सुधार तथा राजस्व में वृद्धि तथा विस्तार हुआ। भा.लो.प्र.सं. में स्थित राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने डिजिटल इंडिया के साथ समेकन कर अपनी उपभोक्ता शिकायत मॉनीटरन सेवाओं का विस्तार किया। हमारे संकाय वर्ग ने विविध केंद्रीय मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों के लिए 66 शोध अध्ययन किए जिनमें संस्थान को 4.64 करोड़ की सकल आय हुई।

जनजातीय मामले मंत्रालय, भारत सरकार ने जनजातीय कल्याण के विविध पहलुओं पर प्रशिक्षण तथा सक्रिय शोध को सुदृढ़ करने का काम भारतीय लोक प्रशासन संस्थान को सौंपा है। इस उद्देश्य, भा.लो.प्र.सं. ने उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की गई है तथा इसका नाम जनजातीय शोध तथा अन्वेषण केंद्र रखा गया है। यह केंद्र अपनी स्थापना के आरंभ से ही, जनजातीय समुदाओं के समाहन, बहिष्कार तथा पार्श्वीकरण आदि से संबंधित मुद्दों पर फोकस करते हुए सतत ''जनजातीय शोध तथा अन्वेषण में कार्यरत् है। जनजातीय मामले मंत्रालय के इस उत्कृष्टता केंद्र का, लोक प्रशासन के एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान- प्रशासन के प्रति संवेदी होने के साथ-साथ नीति निर्माण और शासन के लिए इनपुट उपलब्ध कराने में भी जिसकी प्रमुख भूमिका है- में होने के कारण एक विशेष महत्व है। भा.लो.प्र.सं. 'जनवायु स्मार्ट शासन'' परियोजना भी कार्यान्वित कर रहा है। यह परियोजना विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है चुने हुए स्टेकहोल्डरों को जलवायु परिवर्तन के मुद्दों, अनुकूलन आवश्यकताओं तथा विकल्पों के प्रति संवेदनशील बनाना है। मध्यम स्तर के अधिकारियों हेतु ''जलवायु स्मार्ट शासन'' पर मिश्रित सामर्थ्य- निर्माण कार्यक्रम संचालित किया गया।

भा.लो.प्र.सं. ने 2019-2020 के दौरान सामयिक महत्व के विषयों पर ''विशेष व्याख्यान श्रृँखला'' संचालित की जिसमें प्रख्यात वक्ताओं को व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सईद अता हसनैन, जम्मू तथा कश्मीर पर बोले, श्री अनिल स्वरूप, आई.ए.एस. (सेवानिवृत्त), भारत सरकार, एयर चीफ मार्शल (सेवानिवृत्त) बी.एस. धनोआ, श्री प्रदीप बैजल, पूर्व अध्यक्ष भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई), श्री बलविंदर कुमार, सदस्य, रियल एस्टेट नियायक प्राधिकरण (रेरा) तथा भारत सरकार के पूर्व सचिव इन प्रसिद्ध व्यक्तियों ने नई शिक्षा नीति, चीन, भारत की रणनीतिगत संरचना तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपने बहुमूल्य अंतर्दृष्टिपूर्ण विचार प्रस्तुत किए।

नीदरलैंड, बेल्जियम, स्विटरज़रलैंड, फ्राँस, जर्मनी, आस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में संकाय वर्ग तथा प्रशिक्षणार्थी शिष्टमंडल की ज्ञानवर्धक यात्राएँ आयोजित की गई। संस्थान के संकाय वर्ग ने प्रशिक्षण तथा शोध संचालन के अतिरिक्त प्रकाशन तथा संगोष्ठी पत्र लिखे और व्याख्यानों, प्रस्तुतीकरणों तथा सरकार के नीति एवं सलाहकार मंचों की सदस्यता की सहायता से विविध मंत्रालयों को परामर्श देना जारी रखा। 45 वाँ लोक प्रशासन में उच्चस्तरीय व्यवसायिक कार्यक्रम (अप्पा) 1 जुलाई, 2019 को आरंभ हुआ। संस्थान के माननीय अध्यक्ष, श्री.टी.एन. चतुर्वेदी ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। 45 वें अप्पा की समाप्ति पर 30 अप्रैल 2020 को दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग, पी.एम.ओ. एवं परमाणु ऊर्जा और अंतरिम मंत्री माननीय डा. जितेन्द्र सिंह ने ऑनलाइन दीक्षांत भाषण दिया।

भा.लो.प्र.सं. के प्रकाशनों के माध्यम से ज्ञान प्रसार करने की दिशा में, सेज़ के साथ भा.लो.प्र.सं. की साझेदारी ने आई.जे.पी.ए. को ही नहीं अपितु भा.लो.प्र.सं. को भी नई पहचान प्रदान की है क्योंकि आई.जे.पी.ए. की प्रतियाँ अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, यू.के. तथा यू.एस.ए. में भी खरीदी जा रही हैं। भा.लो.प्र.सं. पुस्तकालय की डिजिटल रिपॉज़िटरी के प्रांरभ ने दूरवर्ती स्थानों से संस्थान पुस्तकालय के व्यापक, विशाल संसाधनों तक पहुँच सुलभ करा कर संस्थान को शैक्षणिक विश्व के दूरवर्ती किनारों तक अपने पंख फैलाने में सहायता की है। भा.लो.प्र.सं. ने पहली बार अपने जर्नल डॉक्यूमेंटेशन इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन को ई-मेल के माध्यम से अपने सदस्यों तक भेजना आरंभ किया है।

गत् वर्ष कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग, शहरी विकास मंत्रालय, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, उपभोक्ता मामले मंत्रालय, पर्यावरण तथा वन मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सामाजिक न्याय तथा सशक्तीकरण मंत्रालय, डा. अम्बेडकर फाँउडेशन, जनजातीय मामले मंत्रालय- इन केंद्रीय सरकारी विभागों तथा माननीय इलाहाबाद

उच्च न्यायलय और विधायी विभाग, उत्त प्रदेश सरकान ने संस्थान की शैक्षणिक गविधियों हेतु क्लाइंट आधार तथा मुख्य समर्थन उपलब्ध कराया।

संस्थान कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग और अन्य केंद्रीय तथा राज्य मंत्रालयों एवं अन्य उन सभी अभिकरणों के प्रति आभार प्रकट करता है जिन्होंने संस्थान में प्रशिक्षण शोध, कार्यशालाओं तथा संगोष्ठियों और सतत ज्ञान आधार प्रोन्नत करने तथा लोक सेवा की गुणवत्ता में सुधार के सरकार के प्रयत्नों में सहायक अन्य गतिविधियों में अपना समर्थन दिया। हम भारत के माननीय उपराष्ट्रपति तथा संस्थान के सभापति, संस्थान के अध्यक्ष तथा कार्यकारी परिषद के सदस्यों के प्रति उनके द्वारा दिए गए सतत समर्थन के लिए अपना आभार तथा प्रशंसा रिकार्ड करते हैं।

संस्थान, क्षेत्रीय तथा स्थानीय शाखाओं के सभी पदाधिरियों, संस्थान के संकाय सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों को, उनके द्वारा संस्थान के समग्र विकास हेतु किए गए निष्ठापूर्ण प्रयत्नों के लिए, धन्यवाद देता है। भा.लो. प्र.सं. के भीतर तथा बाहर, हम उन सबके आभारी हैं जिन्होंने वर्ष 2019–2020 के दौरान हमें समर्थन दिया तथा हमारी गतिविधियों और प्रयत्नों की सफलता में योगदान दिया। हम आगे भी इसकी आशा करते हैं।

(सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी)

निदेशक

विषय सूची

निदेशक की ओर से v

सिंहावलोकन 1

प्रशिक्षण/ शैक्षणिक कार्यक्रम 1

सूचना प्रबंधन 5

प्रकाशन 5

पुस्तकालय 6

संस्थागत गतिविधियाँ 8

आम सभा की पैंसठवीं वार्षिक बैठक 8

सदस्यों का तरेसठवाँ वार्षिक सम्मेलन 9

कार्यकारी परिषद् 9

सदस्यता 9

भा.लो.प्र.सं. के गणमान्य सदस्य पॉल एच. एप्पलबी पुरस्कारों से सम्मानित 10

इंडियन जर्नल ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में सर्वोत्कृष्ट लेख के लिए वर्ष 2018 का श्री. टी.एन. चतुर्वेदी पुरस्कार 10

क्षेत्रीय तथा स्थानीय शाखाएं एवं सदस्यों की गतिविधियाँ 10

वर्धित गतिविधियाँ 11

निबंध प्रतियोगिता 11

प्रकरण अध्ययन कार्यक्रम 11

अवसंरचनात्मक सुधार 11

संस्थान का वित्त 11

महत्वपूर्ण आयोजन 12

संगोष्ठियाँ/सम्मेलन/कार्यशालाएँ/व्याख्यान 12

संस्थान में आए गणमान्य अतिथि 18

शैक्षणिक केन्द्र/चेयर 19

प्रशासनिक तथा कार्मिक मामले 32

हिंदी का प्रगतिशील प्रयोग 32

आभार ज्ञापन 33

2019-20 के दौरान भुगतान किए गए यात्रा भत्ते/ महँगाई भत्ते का विवरण 33

01-4-2019 से 31-3-2020 के दौरान कार्यकारी परिषद् तथा अन्य समितियो की बैठकों/शाखाओं के पदाधिकारियों से संबंधित यात्रा-भत्ते/महँगाई भत्ते का ब्यौरा 33

2019-20 के दौरान संकाय सदस्यों को भुगतान किए गए वेतन तथा मानदेय का ब्यौरा 33

वित्त एवं लेखा 34

परिशिष्ट

च.1 (क) अप्रैल 2019-मार्च 2020 के दौरान संपन्न शोध परियोजनाएं 37

च.1 (ख) अप्रैल 2019- मार्च 2020 के दौरान प्रगति पर शोध परियोजनाएँ 40

च.2 अप्रैल 2019 से मार्च 2020 की अवधि के दौरान संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाएँ 42

च.3	शाखाओं की गतिविधियां (2019-2020)	59
च.3.1	क्षेत्रीय तथा स्थानीय शाखाओं के अध्यक्षों तथा मानद सचिवों की सूची (31.03.2020 के अनुसार)	69
च.3.2	31.03.2020 को क्षेत्रीय तथा स्थानीय शाखाओं से संबद्ध सदस्यों की सूची	89
च.4	शैक्षणिक केंद्र (2019-2020)	92
च.5	भा.लो.प्र.सं. के संकाय वर्ग का तथा अन्यों का शैक्षणिक योगदान (प्रशिक्षण तथा शोध अध्ययनों से व्यतिरिक्त)	93
च.6	वर्ष 2019-20 के दौरान भा.लो.प्र.सं. की क्षेत्रीय/स्थानीय शाखाओं को दी गई वित्तीय सहायता का विस्तृत ब्यौरा	124
च.7	31.03.2020 को भा.लो.प्र.सं. की क्षेत्रीय शाखाओं से संबद्ध संकाय सदस्यों की सूची	127
च.8	संकाय तथा वरिष्ठ कर्मचारी वर्ग (31.03.2020 के अनुसार)	128
च.9	कार्यशालाओं/सम्मेलनों/संगोष्ठियों आदि में भाग लेने के लिए संकाय सदस्यों तथा अन्यों के विदेश दौरे	131
च.10	शहरी अध्ययन केंद्र की गतिविधियाँ	132
च.11	उपभोक्ता अध्ययन केंद्र की गतिविधियाँ	138
च.12.1	1-4-2019 से 31-3-2020 के दौरान कार्यकारी परिषद् तथा अन्य समितियों की बैठकों/शाखाओं के पदाधिकारियों हेतु भुगतान किए गए यात्रा भत्ते/महंगाई भत्ते का वितरण	151
च.12.2	2019-20 के दौरान संकाय सदस्यों को भुगतान किए गए वेतन तथा मानदेय का ब्यौरा	152
वर्ष 2019-20 का तुलन पत्र तथा परीक्षित लेखा विवरण		153

IIPA Periodicals

Indian Institute of Public Administration (IIPA) is an internationally reputed Research & Training Institution of Department of Personnel & Training (DoPT), Govt. of India. With a vast talented pool of in-house as well as guest faculty, IIPA has been spreading awareness in the area of Public Administration and Governance since its inception in 1954 also through its widely acclaimed publications like Indian Journal of Public Administration (IJPA), Lok Prashasan, Nagarlok, Documentation in Public Administration and IIPA Digest.



INDIAN JOURNAL OF PUBLIC ADMINISTRATION (IJPA)

(Quarterly since 1955)

Flagship refereed journal of IIPA, IJPA in collaboration with SAGE Publications publishes manuscripts covering topics related to Public Administration, Public Policy, Good Governance, Bureaucracy, Leadership, Environment, Law, Social Welfare, etc. Research articles, case studies, book reviews, essays, notes and documents related to themes authored by experts are regularly featured in IJPA. The author of the best article every year is conferred with the prestigious late Shri TN Chaturvedi Award by the Hon'ble Vice President of India.

LOK PRASHASAN (Hindi)

(Bi-annually since 2008)

Lok Prashasan is IIPA's only Hindi journal published with an aim to promote Hindi language and encourage Hindi literature. Articles and research papers related to Public Administration, Public Policy, Good Governance, Bureaucracy, Leadership, Environment, Law, Social Welfare, etc., are regularly published in this journal.

IIPA DIGEST

(Quarterly since 2019)



The magazine covers news, stories and features related to latest initiatives and trends of government.



NAGARLOK

(Quarterly since 1969)

The journal accepts manuscripts covering topics related to Urban Studies with a focus on Urban Life, Metropolitan System, Urban Economic Development, Urban Finances, etc.

DOCUMENTATION IN PUBLIC ADMINISTRATION (DPA)

(Quarterly since 1973)

DPA indexes articles/papers/reports/monographs on Public Administration covered by various periodicals.

IIPA NEWSLETTER

(Monthly since 1955)

Now only available as an e-newsletter, it features news related to events and programmes conducted in the Institute. To read more visit our site: www.iipa.org.in

For contribution, subscription and advertisement related queries, please e-mail: chukkathmeghna@gmail.com

Publication Section, Indian Institute of Public Administration, Indraprastha Estate, Ring Road, New Delhi- 110002.

iipa.org.in | @iipa9

संस्थान की गतिविधियों की रिपोर्ट

(2019-2020)

एक सिंहावलोकन

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की यह रिपोर्ट वर्ष 2019-20 से संबंधित है। संस्थान महत्वपूर्ण तथा समसामयिक मुद्दों पर एवं सरकारों, राष्ट्रीय संगठनों तथा अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों द्वारा प्रायोजित विशिष्ट क्षेत्रों में शोध अध्ययन करता है। यह सरकार तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को कार्य संचालन के क्षेत्रों में सलाहकार सेवाएँ भी देता है। इसके अतिरिक्त संस्थान लोक प्रशासन तथा प्रबंधन के अध्ययन और व्यवहार के विविध पक्षों और पहलुओं पर बड़ी संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है तथा प्रतिवर्ष भारत तथा विदेशों के लगभग 5,000 अधिकारियों और सिविल सोसाइटी सदस्यों को प्रशिक्षित करता है। संस्थान अपने विशेष प्रकाशनों तथा जर्नलों के माध्यम से लोक प्रशासन पर साहित्य प्रकाशित तथा प्रचारित करता है।

यह रिपोर्ट संस्थान की गतिविधियों को निम्नलिखित चार प्रमुख शीर्षों के अंतर्गत प्रस्तुत करती है:

- प्रशिक्षण
- शोध गतिविधियाँ
- सूचना प्रबंधन
- संस्थात्मक एवं वर्धित गतिविधियाँ।

इसके अतिरिक्त रिपोर्ट में निम्नलिखित से संबंधित सूचना शामिल है:

- संस्थान का वित्त
- संगोष्ठियाँ, सम्मेलन, व्याख्यान, यात्राएँ तथा पुस्तक विमोचन आदि जैसे शैक्षणिक आयोजन
- भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की विविध समितियों और केंद्रों की गतिविधियों की रिपोर्ट
- संकाय की शैक्षणिक गतिविधियाँ
- प्रशासनिक तथा कार्मिक मामले

प्रशिक्षण/शैक्षणिक कार्यक्रम

संस्थान ने बड़ी संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जो मुख्य रूप से निम्नलिखित श्रेणियों के अंतर्गत आते हैं:

1. **दीर्घावधि कार्यक्रम:** कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार के प्रशिक्षण विभाग के लिए संचालित किया जाने वाला वरिष्ठ अधिकारियों हेतु लोक प्रशासन में उच्च-स्तरीय व्यावसायिक कार्यक्रम (अप्पा)।
2. **प्रायोजित कार्यक्रम:** इनमें मुख्य रूप से (क) कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग, (ख) शहरी विकास मंत्रालय, (ग) विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, (घ) उपभोक्ता मामले विभाग, तथा (ङ) अन्य मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम शामिल हैं।
3. **शुल्क आधारित कार्यक्रम:** इनमें प्रयोक्ता संगठन के आदेश पर तथा स्वयं अपनी पहल पर संस्थान द्वारा तैयार तथा संचालित कार्यक्रम शामिल हैं।

लोक प्रशासन में 45वाँ उच्च-स्तरीय व्यावसायिक कार्यक्रम (2019-2020)

संक्षिप्त रिपोर्ट

संस्थान ने 1 जुलाई, 2019 से 30 अप्रैल, 2020 के दौरान सशस्त्र सेनाओं तथा अखिल भारतीय और केंद्रीय सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों हेतु 10 महीने के एक उच्च-स्तरीय तथा अत्याधुनिक लोक प्रशासन में 45वें प्रोन्नत व्यावसायिक कार्यक्रम (अप्पा) का संचालन किया। छयालीस अधिकारियों ने इसमें भाग लिया। यह कार्यक्रम कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय प्रायोजित था।

उद्घाटन सत्र

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, स्वर्गीय श्री टी.एन. चतुर्वेदी, भा.लो.प्र.सं. के तत्कालीन अध्यक्ष, ने उल्लेख किया कि अप्पा कार्यक्रम ने, विविध सेवाओं तथा सशस्त्र बलों के प्रतिभागियों को परस्पर विचारों का आदान-प्रदान करने तथाा एक दूसरे की पृष्ठभूमि, सीमाओं तथा कठिनाइयों को जानने तथा उसकी प्रशंसा करने का अवसर प्रदान किया। अप्पा कार्यक्रम प्रतिभागियों को अपना ज्ञान अद्यतन करने, लोकसेवा के आचार को आत्मसात करने, सभी क्षेत्रों में नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण में सुधार के लिए आवश्यक गुणों को अंतर्निविष्ट करने का अवसर प्रदान करता है। श्री शेखर दत्त, उपसभापति, भा.लो.प्र.सं., कई वर्षों के परिश्रम से निर्मित अप्पा प्रतिभागियों की जीवंत तथा सेवान्मुखी संस्कृति तथा इससे संबंद्ध प्रतिष्ठा के संबंध में बोले। अपने स्वागत भाषण में, श्री एस.एन त्रिपाठी, निदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने सरकार के सिद्धांत ''न्यूनतम सरकार तथा अधिकतम शासन'' पर जोर दिया तथा प्रतिभागियों से लोक सेवा के इस मार्गदर्शक सिद्धांत को अपनाने का आग्रह किया। प्रो. गोविन्द भट्टाचारजी, कार्यक्रम निदेशक ने कार्यक्रम को उद्देश्य, विषय-वस्तु, डिजाइन तथा प्रक्रिया पर प्रकाश डाला तथा डा. नीतू जैन, कार्यक्रम की सह-निदेशक ने, आभार ज्ञापन किया।

कार्यक्रम

कार्यक्रम का प्रयास, प्रबंधन सकल्पनाओं, साधनों तथा तकनीकों का लोकनीति सूत्रीकरण, विश्लेषण एवं कार्यान्वयन तथा वितरण पद्धति के डिज़ाइन एवं कार्य-निष्पादन के साथ समेकन के माध्यम से प्रतिभागियों के विषय क्षेत्र के ज्ञान को नवीकृत तथा कौशल को तीक्ष्ण करना था। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रभावी लोक नीति पद्धति बनाने तथा उसे कार्यान्वित करने में प्रतिभागियों की संवेदनशीलता, ग्रहणशीलता तथा योग्यता वर्धन करना और उन्हें नवीन विकल्प खोजने के लिए प्रोत्साहित करना था। वैश्विक प्रवृत्तियों तथा व्यवहारों के प्रदर्शन के माध्यम से अप्पा कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को नए विकल्प खोजने के लिए प्रोत्साहित किया। चूँकि प्रतिभागियों को सामान्यत: अंतरसरकारी, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय तथा स्थानीय सरकारी स्तर पर नीति निर्माण तथा सेवा वितरण में काम करना होता है अत: अप्पा कार्यक्रम उनके व्यावहारिक ज्ञान तथा कौशल को विकसित करने के लिए तैयार किया गया जिससे वे सार्वजनिक क्षेत्र की गतिविधियों के स्पेक्ट्रम में प्रबंधन तथा नीति विश्लेषण के मुद्दों पर कार्य कर सकें।

लक्ष्य

अप्पा कार्यक्रम का लक्ष्य तीव्रता से बदलते समाज में लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिभागियों को विस्तृत परिपेक्ष्य तथा नवीनताप्रद पद्धतियों के माध्यम से प्रभावी लोक सेवा वितरण में योगदान देने हेतु तालमेल विकसित करने में समर्थ बनाना है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों में नागरिकों के प्रति सेवा अभिमुखता तथा कार्यकुशलता वर्धन की अभिवृत्ति पैदा करना है।

उद्देश्य

अप्पा कार्यक्रम को उद्देश्य प्रतिभागियों को निम्नलिखित में समर्थ बनाना है :

- समाज विज्ञान, लोक नीति तथा शासन का आधारभूत संकल्पनाओं को समझना;
- लोक प्रशासन तथा भारत में शासन आचार से संबंधित सामयिक मुद्दों पर उनके विचारों को निश्चित रूप देना;
- नीतियों के अनुप्रयोग तथा उसके तौर-तरीकों को प्रभावित करने वाले तत्वों को विश्लेषण करना;
- निर्णय लेने में विश्लेषणात्मक कौशल का अनुप्रयोग करना;
- प्रशासनिक सुधार तथा सुशासन की रूपरेखा तैयार करना; तथा
- अंतर्वैयक्तिक संबंध कौशल तथा लोगों की आवश्यकताओं के प्रति संवदेनशीलता विकसित करना।

उपरोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए इस कार्यक्रम

को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि इसमें आचार, मूल्य, गहन सोच तथा सृजनात्मकता विकसित करने के लिए गैर-क्रेडिट इनपुट के अतिरिक्त शैक्षणिक-सह-प्रशिक्षण माड्यूल, अनुभवजन्य शिक्षण, शोध-पत्र लेखन तथा मौखिक परीक्षा शामिल हैं। इस वर्ष शैक्षणिक मॉड्यूल में आधारभूत सिद्धांत तथा संकल्पनाएँ; विषयगत मॉड्यूल: शासन तथा नीति क्षेत्रों में सामयिक विषयों में गहन अंतर्दृष्टि के लिए नीति, प्रशासन तथा शासन और शासन के इनके अतिरिक्त वैकल्पिक विषयों के रूप में विशेषीकृत मॉड्यूल शामिल हैं। इनका विवरण नीचे दिया गया है:

क. शैक्षणिक मॉड्यूल : अप्पा कार्यक्रम के पूर्वार्ध में, आरंभिक पाँच महीने की अवधि में, प्रशिक्षण का फोकस सैद्धांतिक आधार, संकल्पनाएं तथा अनुप्रयोग रहा। शासन के मुद्दों तथा अध्ययन के क्षेत्र में हाल में हुए विकास के लिए उपयुक्तता के आधार पर शाखाओं को चुना गया। इन शाखाओं को आगे तीन भागों में बाँटा गया:

प्रथम मॉड्यूल (क-I) : आधारभूत मॉड्यूल: सिद्धांत तथा संकल्पनाएँ, इसके अंतर्गत लोक प्रशासन की गति, शासन के समसामयिक मुद्दे, आर्थिक नीतियाँ, व्यापार तथा वैश्वीकरण, संपोषणीय कृषि तथा जोखिम प्रबंधन, समाज विज्ञान की शोध पद्धति तथा प्रक्रिया शामिल थे।

द्वितीय उपमॉड्यूल (क-II) : विषयगत मॉड्यूल: नीति, प्रशासन तथा शासन, इसमें संगठनों में मानव व्यवहार, लोक वित्त, सार्वजनिक उद्यम प्रबंधन, लोक नीति: वैश्विक तथा भारतीय मुद्दे शासन में आचार, विकास में लिंग तथा ई-शासन शामिल हैं।

तृतीय मॉड्यूल (क-III) : इसमें पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन तथा सतत विकास, भारत की सामाजिक पद्धति, अल्पाधिकार प्राप्त तथा शासन, सामाजिक न्याय: समानता तथा सौहार्दता, जनजातीय क्षेत्रों में विकास की चुनौतियाँ, प्रचालन प्रबंधन, उपभोक्ता संरक्षण: कानून तथा नीतियाँ एवं साइबर सुरक्षा तथा राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु चुनौतियाँ आदि शासन के महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं।

चतुर्थ मॉड्यूल (क-IV) में प्रतिभागियों को छः शाखाओं के एक समूह में से एक वैकल्पिक विषय चुनना था, जिसमें प्रशासन, विकास तथा प्रबंधन के किसी एक क्षेत्र में विशेषता शामिल थी। ये छः वैकल्पिक शाखाएँ थीं: अवसंरचना परियोजनाओं का विकास तथा प्रबंधन, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन, भारतीय प्रवासियों की गति; प्रवास अंगीकरण तथा विदेशी भारतीय समुदाय तथा अंतरराष्ट्रीय संगठन, अंतरराष्ट्रीय संबंध तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार, भू-राजनीति, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा रक्षा नीति एवं शोध सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए डाटा विश्लेषण एवं विवेचन।

(ख) अनुभव के माध्यम से शिक्षण : कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने, परस्पर के दूसरे के द्वारा बताए गए अपने-अपने कार्यालयों के रुचिकर अनुभवों तथा विविध स्थलों की यात्राओं के माध्यम से सीखा। इन यात्राओं का उद्देश्य चुने हुए ग्रामीण तथा शहरी केंद्रों की अध्ययन यात्राओं के माध्यम से प्रतिभागियों को सरकार की विविध विकास योजनाओं तथा कार्यक्रमों के कार्यान्वयन तथा वितरण से संबंधित ज़मीनी वास्तविकताओं के प्रति जागरूक करना है। प्रतिभागियों को देश के सीमावर्ती इलाकों क अग्रणी क्षेत्रों में भी ले जाया जाता है जिससे कि वे इन क्षेत्रों की सुरक्षा तथाा विकास पहलुओं से परिचित हो सकें। और अंत में, उन्हें चुने हुए देशों में विदेश अध्ययन यात्रा पर ले जाया जाता है। 45 वें अप्पा के दौरान इनका विवरण निम्नानुसार है:

ख.1 अनुभवजन्य प्रस्तुतीकरण : सभी बैचों के प्रतिभागियों के मध्य प्रचलित ये प्रस्तुतीकरण प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने कार्यस्थल पर आने वाली समस्याओं तथा चुनौतियों का मुकाबला करते समय उनके द्वारा किए गए अनूठे तथा स्मरणीय अनुभवों के संबंध में किए जाते हैं। इसका फोकस मुख्यत: अधिकारी के समक्ष अपने कार्यकाल के दौरान आने वाली विशिष्ट स्थिति पर होता है। ये प्रस्तुतीकरण समस्याओं के समाधान, आंतरिक प्रशासन, संगठनात्मक नेतृत्व में सर्वोत्कृष्ट व्यवहार विकसित करने, तथा परियोजना आयोजन तथा कार्यान्वयन में नवीनताओं पर प्रकाश डालते हैं।

ख.2 ग्रामीण क्षेत्रीय अध्ययन : यह घटक प्रतिभागियों को ग्रामीण क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं के प्रति संवेदनशील बनाता है। प्रतिभागियों को ग्रामीण विकास के विविध पहलुओं पर फोकस करते हुए एक विषय-आधारित अध्ययन का कार्य सौंपा गया। प्रतिभागियों ने छोटे-छोटे समूहों में किसी संकाय सदस्य के समग्र दिशा-निर्देश में, देश के भिन्न-भिन्न भागों में चुने हुए ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया तथा ग्रामीण स्तर के पदाधिकारियों और पंचायत सदस्यों के साथ परस्पर विचार-विमर्श किया। वे वितरण तंत्र की प्रभावकारिता का परीक्षण करते हैं तथा निर्धारित क्षेत्रों में ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के प्रभाव का आकलन करने का प्रयास करते हैं। इन ग्रामीण क्षेत्रीय अध्ययन रिपोर्टों को बाद में भा.लो.प्र.सं. में प्रस्तुत किया जाता है। इस वर्ष निम्नलिखित राज्यों/ जिलों में गाँवों को चुना गया:

1. कर्नाटक (मैसूर)
2. गुजरात (अहमदाबाद)
3. मेघालय (शिलाँग)
4. उत्तर प्रदेश (नोएडा, गाज़ियाबाद)

ख.3 शहरी क्षेत्रीय अध्ययन : यह अध्ययन प्रतिभागियों को शहरी प्रशासन तथा प्रबंधन की समस्याओं और उनका समाधान करने में आने वाली चुनौतियों को समझने का अवसर प्रदान करता है। प्रतिभागियों ने विविध शहरी विकास योजनाओं तथा उनका लोगों एवं निर्धनता रेखा से नीचे रह रहे लोगों को सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया। उन्होंने नगरपालिका तथा अन्य विकास अभिकरणों के पदाधिकारियों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। यात्राओं की समाप्ति के पश्चात शहरी अध्ययन रिपोर्ट भी भा.लो.प्र.सं. में प्रस्तुत की जाती है। इस वर्ष, प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों ने निम्नलिखित शहरों का अध्ययन किया:

1. दिल्ली
2. कर्नाटक (मैसूर)
3. गुजरात (अहमदाबाद)
4. मेघालय (शिलाँग)

ख.4 विदेश अध्ययन दौरा : चीन ने कोरोना वायरस के प्रकोप तथा तत्पश्चात् कुछ अन्य देशों में भी इसके प्रसार को ध्यान में रखते हुए कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार ने विदेश अध्ययन दौरा रद्द कर दिया। अप्पा की शैक्षणिक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिभागियों को भिन्न-भिन्न विषयों पर सामूहिक असाइनमेंट दिए गए, जिन्हें उन्होंने सफलतापूर्वक पूरा किया।

ग. शोधपत्र लेखन तथा मौखिक परीक्षा

यह अप्पा कार्यक्रम का एक प्रमुख तथा महत्वपूर्ण अंग है। विषय के विशेषज्ञ संकाय वर्ग के मार्गदर्शन में शोध-पत्र लिखते समय, प्रतिभागी अपने द्वारा ही चुनी गई किसी विशिष्ट समस्या का गहन विश्लेषण करते हैं। इन शोध-पत्रों के माध्यम से प्रतिभागी लोक प्रशासन के सिद्धांत तथा व्यवहार में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और इस प्रक्रिया में अपना विश्लेषणात्मक कौशल भी प्रदर्शित करते हैं। सामान्यत: शोध-पत्र के पश्चात् प्रतिभागियों की मौखिक परीक्षा होती है। किंतु, कोविड 19 संकट तथा लॉकडाउन को ध्यान में रखते हुए 45 वें अप्पा पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों की मौखिक-परीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन संचालित की गई। निदेशक, भा.लो.प्र.सं., कार्यक्रम निदेशक ने मार्गदर्शक संकाय सदस्य तथा विषय विशेषज्ञ के साथ मिलकर ऑनलाइन मौखिक परीक्षा संचालित की जिसमें इसकी गुणवत्ता के साथ कोई भी समझौता नहीं किया गया।

दीक्षांत समारोह

45वें अप्पा का दीक्षांत समारोह 30 अप्रैल, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के द्वारा हुआ। माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री डा. जितेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। श्री एस.एन. त्रिपाठी, निदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने स्वागत भाषण दिया जिसके पश्चात् डा. सी. चंद्रमौलि, सचिव, कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग और अध्यक्ष, भा. लो.प्र.सं. ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। तत्पश्चात प्रो. गोविन्द भट्टाचारजी, कार्यक्रम निदेशक ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की।

डा. जितेन्द्र सिंह ने समापन संबोधन दिया जिसमें उन्होंने कई वर्षों से लोक प्रशासन तथा देश के शासन में भा.लो.प्र.सं. द्वारा दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। वे कोविड 19 के परिणामस्वरूप लगाए गए लॉकडाउन के दौरान सरकार के समक्ष आने वाली अभूतपूर्व चुनौतियों तथा सरकार किस प्रकार दृढ़संकल्प से सफलतापूर्वक इन चुनौतियों का सामना कर रही है के संबंध में बोले। अंत में, डा. नीतू जैन, सह-कार्यक्रम निदेशक ने आभार ज्ञापन किया।

अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम

दीर्घावधि अप्पा कार्यक्रम के अतिरिक्त वर्ष 2019-20 के दौरान संस्थान ने 144 अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा प्रशिक्षण कार्यशालाएँ आयोजित कीं इनका विवरण निम्नानुसार है:

पाठ्यक्रम	कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
मंत्रालयों/विभागों द्वारा प्रायोजित	32	1439
कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग (अप्पा सहित)	2	54
राज्य सरकार	33	1221
विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग	7	170
उपभोक्ता मामले मंत्रालय	13	333
शहरी विकास मंत्रालय	8	300
सार्वजनिक के उपक्रम	4	60
स्मारक व्याख्यान	3	320
कार्यालय/संगोष्ठियाँ/सम्मेलन/प्रतिनिधि दल/ पेनल चर्चाएँ	32	2984
अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम	9	216
अन्य	2	94
कुल	**145**	**7191**

अत: अप्पा सहित कुल 145 पाठ्यक्रम संचालित किए गए। वर्ष के दौरान अप्पा के 46 प्रतिभागियों सहित 7191 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को विस्तृत ब्यौरा परिशिष्ट च.2 पर दिया गया है।

सूचना प्रबंधन

संस्थान आई.आई.पी.ए. न्यूज़लेटर, मासिक डिजिटल संस्करणों, सेज प्रकाशन के सहयोग से इंडियन जर्नल ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के त्रैमासिक संस्करणों, नगरलोक के त्रैमासिक संस्करणों, डॉक्यूमेंटेशन इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के त्रैमासिक संस्करणों तथा लोक प्रशासन (हिन्दी जर्नल) के अर्धवार्षिक संस्करणों, अपने इन नियमित प्रकाशनों के माध्यम से लोक प्रशासन, शासन, नीति तथा विकास से संबंधित सूचना, विश्लेषण, दृष्टिकोणों तथा ज्ञान का प्रसार करता है। संस्थान की वार्षिक आम बैठक 2019 के दौरान आई.आई.पी.ए. डाइजेस्ट का प्रारंभिक संस्करण विमोचित किया गया।

प्रकाशन

संस्थान के प्रकाशन अनुभाग ने वर्ष 2019-2020 के दौरान निम्नलिखित प्रकाशन प्रकाशित किए:

1. इंडियन जर्नल ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के चार संस्करण
2. लोक प्रशासन के दो संस्करण
3. नगर लोक चार संस्करण
4. डॉक्यूमेंटेशन इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के चार संस्करण
5. आई.आई.पी.ए. डाइजेस्ट के दो संस्करण
6. डिजिटल न्यूज़लेटर के बारह संस्करण

संस्थान द्वारा आयोजित विविध आयोजनों तथा समारोहों के दौरान निम्नलिखित प्रकाशन विमोचित किए गए:

1. डिजिटल बैंकिंग तथा ग्रामीण भारत पर इसका प्रभाव, प्रो. सुरेश मिश्रा तथा डा. ममता पठानिया द्वारा
2. विधिक मापविज्ञान अधिनियम तथा पैक वस्तु नियम के प्रति उपभोक्ता जागरुकता तथा प्रभावकारिता, प्रो. सुरेश मिश्रा तथा डा. सपना चड्डा द्वारा
3. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019- एक पाठक, प्रो. सुरेश मिश्रा द्वारा
4. केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के पृथक कर्मचारियों हेतु परामर्श, पुनर्प्रशिक्षण तथा पुनर्विकास योजना का मूल्याँकन, डा. रोमा देबनाथ द्वारा
5. सरकारी तथा निजी आई.टी.आईज़ की मान्यता हेतु भारत की गुणवत्ता परिषद् का मूल्याँकन, डा. पवन तनेजा तथा डा. रोमा मित्रा द्वारा
6. भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी अंतरण: भारत सरकार के टीडीआईएल कार्यक्रम का एक मूल्याँकन अध्ययन, डा. चारु मल्होत्रा द्वारा
7. अनौपचारिक कार्यबल में महिलाएँ: समाहन तथा बहिष्कार की पद्धति, डा. नुपूर तिवारी द्वारा
8. अस्त्र-शस्त्र संस्कृति : माओवादी विद्रोह तथा जनजातीय स्व नियम, डा. नूपुर तिवारी द्वारा
9. जलवायु परिवर्तन के समक्ष जटिल आपदाओं के प्रबंधन हेतु सामर्थ्य-निर्माण रणनीतियाँ, प्रो.वी.के. शर्मा और डा. श्यामली सिंह द्वारा
10. ''73 वें संविधान संशोधन के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दे'' विषय पर चौथा राकेश हूजा स्मारक व्याख्यान, श्रीमता मीनाक्षी हूजा द्वारा
11. 21 वीं शताब्दी में लोक प्रशासन, प्रो. रूमकी बासु द्वारा
12. भारतीय प्रशासनिक ढाँचा, निष्पादन तथा सुधार, प्रो. रूमकी बासु द्वारा
13. मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ शाखा का प्रशासक प्रशासिका, श्री केवल कृष्ण सेठी द्वारा
14. बिहार लोक प्रशासन जर्नल, डा. रवीन्द्र कुमार वर्मा द्वारा
15. राजस्थान: प्रशासनिक तथा राजनीतिक व्यवस्था, डा. जनक सिंह मीना द्वारा

पुस्तकालय

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित गतिविधियाँ हुईं:

संग्रह विकास

वर्ष 2019-20 के दौरान पुस्तकालय में 1106 पुस्तकें तथा 200 पत्रिकाएँ शामिल की गईं। इनमें से, 450 पुस्तकें खरीदी गईं तथा 495 पुस्तकें मानार्थ प्राप्त हुईं। लगभग 161 दस्तावेज़, सार्वजनिक दस्तावेज़ अनुभाग में जोड़े गए जिनमें से 156 मानार्थ नि:शुल्क प्राप्त हुए तथा 05 खरीदे गए। 31 मार्च, 2020 को पुस्तकालय में 2.26 पुस्तकें तथा जर्नल थे। वर्ष के दौरान पुस्तकालय ने 114 सामयिक पत्र-पत्रिकाएँ और 21 समाचार-पत्र खरीदे तथा 135 पत्र-पत्रिकाएँ ''नि:शुल्क तथा विनिमय आधार'' पर प्राप्त कीं।

ऑनलाइन सेवाएँ

• ऑनलाइन डाटाबेस हेतु अंशदान:

21 से भी अधिक सावधिक पत्रिकाओं, जिनमें हार्वर्ड बिज़नस रिव्यू, इकॉनॉमिक टाइम, इकॉनॉमिक तथा पॉलिटिकल वीकली आदि शामिल हैं, तक ऑन-लाइन पहुँच सुगम की जा रही है। भा.लो.प्र.सं. पुस्तकालय वेबसाइट के माध्यम से इन तक पहुँचा जा सकता है। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय ने ए.बी.आई. सूचना में भी अभिदान जारी रखा, जिसके द्वारा लगभग 4000 पुस्तकों तक पहुँच सुगम हो गई है, जिनमें से 3,000 के पूर्ण पाठ हैं। इसके अतिरिक्त डाटाबेस लगभग 25,000 शोध पत्रों तक पहुँच सुगम करवाता है। पुस्तकालय गैर-लाभभोगी संगठन, जे.एस.टी.ओ.आर. में भी अंशदान कर रहा है। यह संगठन, विश्वस्त डिजिटल संग्रह हेतु बौद्धिक विषय वस्तु खोजने, का प्रयोग करने तथा उसके निर्माण करने में विद्वत्समाज की सहायता में तत्पर है। यह लगभग 2,400 जर्नलों की पूर्ण पाठ सर्च उपलब्ध कराता है।

- **पुस्तकालय इनहाउस ऑनलाइन डाटाबेस**

कंप्यूटरीकृत पुस्तकालय डाटाबेस में पुस्तकों तथा रिपोर्टों के 1.36 लाख रिकार्ड तथा पत्र-पत्रिका लेखों के 1.22 रिकार्ड हैं।

रिमोटेक्सेस सॉफ्टफेयर के माध्यम से पूरे विश्व में कहीं भी 24 x 7 इन सभी ऑनलाइन जर्नलों तथा डाटाबेस तक पहुँचा जा सकता है।

- **ई-पुस्तकें:**

पुस्तकालय ने दो किंडल्ज़ खरीदे हैं। पुस्तकालय अमेज़न असीमित किंडल ऑनलाइन को भी सब्सक्राइब कर रहा है, जो एक मिलियन से भी अधिक ई-पुस्तकों तक पहुँच उपलब्ध कराता है। किंडल तथा अन्य किसी उपकरण जैसे पी.सी., मोबाइल आदि के माध्यम से इन तक पहुँचा जा सकता है।

- **डिजिटल ज्ञान संग्रह**

पुस्तकालय ने डिजिटल ज्ञान संग्रह का सृजन किया है जिसमें संस्थान के शोध कार्यों तथा प्रकाशित संसाधनों को दर्शाया गया है। डिजिटल ज्ञान संग्रह, संस्थान की बौद्धिक पूँजी, शोध कार्यों तथा प्रकाशित संसाधनों तक पहुँच उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसका उद्देश्य संस्थान की शोध तथा शैक्षणिक गतिविधियों को परिणामस्वरूप सृजित बौद्धिक कार्य का संग्रह तथा संरक्षण कर तथा इस तक मुक्त पहुँच उपलब्ध करा कर इसका प्रचार-प्रसार करना है। वार्षिक आम सभा की बैठक, अध्यक्षीय संबोधन, संकाय प्रकाशन, दुर्लभ पुस्तकें, वार्षिक रिपोर्टें, विशेष रिपोर्टें संस्थान में आए गणमान्य अतिथि, विषयगत पत्र, आधार-पत्र तथा इसी प्रकार के अन्य संसाधन उसी रूप में प्रस्तुत किए गए हैं जिस रूपस में विविध उद्देश्यों से इन्हें तैयार किया गया है। इसमें अप्पा प्रतिभागियों द्वारा अपनी एम.फिल डिग्री के लिए प्रस्तुत किए गए शोध प्रबंध तथा शोध पत्र भी शामिल हैं। अभी तक संग्रह में 23229 दस्तावेज़ अपलोड किए गए हैं, जिसमें 2008-09 से 2017-18 तक के दस सर्वोत्कृष्ट अप्पा शोध-पत्रों के पूर्ण पाठ भी शामिल हैं।

जिल्दबंदी

पुराने दस्तावेज़ों को संरक्षित करने के अंगस्वरूप लगभग 806 पत्रिकाओं तथा पुस्तकों को पुनर्जिल्दबंद किया गया।

पुस्तकालय सेवाएँ

31 मार्च, 2020 के अनुसार, 1782 दस्तावेज़ उधार दिए गए तथा 1633 दस्तावेज़ पुस्तकालय में वापिस प्राप्त हुए। 9718 पुस्तकालय प्रयोक्ताओं जिनमें संस्थान के संकाय सदस्य, भा.लो.प्र.सं. के सदस्य, लोक प्रशासन में उच्च स्तरीय व्यावसायिक कार्यक्रम (अप्पा) तथा अन्य विविध प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागी शामिल थे, के अतिरिक्त लगभग 1348 प्रामाणिक शोधकर्ताओं ने शुल्क आधारित परामर्श कार्यक्रम के अंतर्गत पुस्तकालय संसाधनों का प्रयोग किया। पुस्तकालय ने अपने सदस्यों को फोटोकापी तथा इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराना जारी रखा। वर्ष के दौरान पुस्तकालय ने अपने प्रयोक्ताओं को 40900 पृष्ठ फोटोकापी उपलब्ध कराई और इसके साथ ही विषय पुस्तक सूची उपलब्ध कराने की सेवाएँ भी जारी रखीं।

मूल्याधारित सेवाएँ

पुस्तकालय सामयिक जागरुकता, सूचीकरण तथा उद्धरण सेवाएँ उपलब्ध कराता है। पुस्तकालय अपने पाठकों को नए दस्तावेज़ों तथा नवीनतम सूचना से अवगत कराने के लिए 'पुस्तक एलर्ट', जोड़ी गई पुस्तकों की मासिक सूची, 'लेख एलर्ट': महत्वपूर्ण लेखों की की एक सूची, साप्ताहिक समाचार एलर्ट तथा सामयिक विषयसूची नियमित रूप से निकालता है। पुस्तकालय त्रैमासिक सूचीकरण तथा उद्धरण पत्रिका ''डाक्यूमेंटेशन इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन'' नियमित रूप से प्रकाशित करता है। इसमें पत्रिका लेख, उद्धरण, पुस्तक समीक्षाएँ तथा पुस्तक टिप्पणियाँ शामिल होती हैं। वर्ष के दौरान डॉक्यूमेंटेशन इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में 2428 पत्रिका लेख, 254 पुस्तक समीक्षाएँ तथा 62 पुस्तक टिप्पणियाँ जोड़ी गईं। वर्ष 2019 में डॉक्यूमेंटेशन इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के चारों अंक समय पर प्रकाशित किए गए। पुस्तकालय अपने सदस्यों तथा

विविध पाठ्यक्रमों के प्रतिभागियों को माँगने पर पुस्तक-सूची सेवाएँ उपलब्ध कराता है।

राष्ट्रीय पुस्तकालय नेटवर्क में भागीदारी

संस्थान का पुस्तकालय विकासशील पुस्तकालय नेटवर्क (डेलनेट) का सक्रिय सदस्य है तथा यह अंतर्पुस्तकालय लेन-देन, पुस्तक-सूची संकलन और साहित्य सर्वेक्षण हेतु नेटवर्क की सुविधाओं का पर्याप्त प्रयोग कर रहा है। इस नेटवर्किंग उद्यम के अंगस्वरूप भा.लो.प्र.सं. पुस्तकालय भी नेटवर्क के भागीदार अन्य सदस्यों के साथ अपने समृद्ध संसाधनों के प्रयोग के लिए आदान-प्रदान करता है। वर्ष के दौरान संस्थान पुस्तकालय ने अपने उपभोक्ताओं हेतु अंतर्पुस्तकालय ऋण पर 56 दस्तावेज़ उधार लिए तथा अन्य पुस्तकालयों ने डेलनेट सुविधा के माध्यम से 160 दस्तावेज़ उधार लिए। हमारी परस्पर कुशल आदान-प्रदान की प्रभावशाली सेवाओं के अंगस्वरूप, डेलनेट ने 6,000 पुस्तकालयों में से संस्थान पुस्तकालय को सर्वोत्कृष्ट पुस्तकालय चुना तथा प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

संस्थागत गतिविधियाँ

सामान्य सभा की 65वीं वार्षिक बैठक

संस्थान की सामान्य सभा की 65वीं वार्षिक बैठक शुक्रवार 18 अक्टूबर, 2019 को सायं 4.30 बजे संस्थान परिसर में हुई। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति तथा संस्थान के सभापति श्री एम. वेंकय्या नायडू ने आरंभिक सत्र की अध्यक्षता की तथा संस्थान के अध्यक्ष माननीय श्री टी.एन. चतुर्वेदी तथा संस्थान के उपसभापति श्री शेखर दत्त ने आम सभा की बैठक के द्वितीय भाग की अध्यक्षता की।

श्री एम. वेंकय्या नायडू, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति तथा संस्थान के सभापति ने कहा कि भा.लो.प्र.सं. जैसे संस्थान, सूचना तथा ज्ञान का आदान-प्रदान करने वाले ज्ञान केंद्र होने चाहिए जो अंतरण की इस प्रक्रिया को उत्प्रेरित करें। भा.लो.प्र.सं. अनेक वर्षों से इस दिशा में तीव्रता से प्रगति कर रहा है। संस्थान ने सामर्थ्य-निर्माण तथा शोध दोनों में प्रशंसनीय कार्य किया है। प्रशिक्षण जो अब तक केंद्रीय सरकारी अधिकारियों तक सीमित था, अब राज्य तथा विदेशी सरकारों तथा विस्तृत हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि मैं भा.लो.प्र.सं. को आगामी कुछ महीनों में नए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर, विश्व में समान अधिदेश वाली सर्वोत्कृष्ट संस्थाओं में स्वयं को एक उत्कृष्ट संस्था के रूप में बेंचमार्क करते हुए देखना चाहता हूँ जो ज्ञान-विनिमय, कौशल विकास, स्वस्थ मूल्याँकन तथा नीति परामर्श का एक सक्रिय केंद्र हो।

श्री टी.एन. चतुर्वेदी, अध्यक्ष, भा.लो.प्र.सं. ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि संस्थान ने अपनी स्थापना के समय से निर्धारित प्रमुख लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को आगे और बढ़ा दिया है। यह एक पुरानी संस्था है, जहाँ तक शासन क्षेत्र विशेषत: लोक सेवाओं, सरकारी सेवाओं, सार्वजनिक क्षेत्र तथा इसी प्रकार की सेवाओं से संबंध है, यह प्राचीनतम संस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि भा.लो.प्र.सं. द्वारा वर्षों से किए गए काम की अच्छी पहचान बनाने तथा इसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था की पहचान बनाने का यह सही समय है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि संस्थान की क्षेत्रीय तथा स्थानीय शाखाएँ स्वयं को नवजीवित कर भा.लो.प्र.सं. की संपूर्ण कार्यप्रणाली में योगदान देने की स्थिति में होंगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की नीति है कि इस प्रकार की अधिक से अधिक संस्थाओं को आत्मनिर्भर होना होगा। वे सदा सरकारी सहायता पर निर्भर नहीं रह सकतीं और हमें अपनी पूर्ण क्षमता से इस दिशा में उद्यम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सरकार तथा अन्य विविध एजेंसियाँ तथा कॉर्पोरेट क्षेत्र की लोक सेवा की विविध शाखाओं की संगतता तथा उपयोगिता बढ़ाने की कोशिश में प्रशिक्षण के महत्व तथा उपयोगिता को समझेगा और इसी कारण हमें अभी भी उम्मीद है कि हमें इस संबंध में सहायता उपलब्ध होगी।

अपनी आरंभिक अभियुक्ति में, श्री सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, निदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने, संक्षेप में, संस्थान की उपलब्धियों तथा क्षमताओं के बारे में बताया, जिसके लिए संस्थान के संकाय वर्ग तथा कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की है। उन्होंने उन उपलब्धियों को गिनवाया

जो भा.लो.प्र.सं. द्वारा की गई लोक सेवाओं को बताती हैं तथा संसाधन संग्रहण में आने वाली चुनौतियों को पार करने के संस्थान के दृढ़ संकल्पों के संबंध में भी बताया।

संस्थान के 166 सदस्यों में बैठक में भाग लिया जबकि न्यूनतम कोरम 50 सदस्य था। सदन ने 26 अक्तूबर, 2018 को हुई आम सभा की 64वीं वार्षिक बैठक की कार्यवाही, वर्ष 2018-2019 की वार्षिक रिपोर्ट तथा वार्षिक लेखा विवरण का अनुमोदन किया।

सदस्यों का तरेसठवाँ वार्षिक सम्मेलन

संस्थान के सदस्यों का तरेसठवाँ वार्षिक सम्मेलन 19 अक्तूबर 2019 को भा.लो.प्र.सं. परिसर में हुआ।

सम्मेलन का विषय था ''सुशासन तथा संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य''। डा. सी. शीला रेड्डी ने विषय पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। संस्थान के निदेशक, श्री एस.एन त्रिपाठी ने अपने स्वागत भाषण में विषय के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्थान के अध्यक्ष, श्री टी. एन. चतुर्वेदी ने सम्मेलन के आरंभिक सत्र की अध्यक्षता की। संस्थान के उपसभापति, श्री शेखर दत्त भी इस अवसर पर उपस्थित थे। क्षेत्रीय तथा स्थानीय शाखाओं के प्रतिनिधियों ने विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। चर्चा के अतिरिक्त, सम्मेलन के दौरान विषय पर पत्र प्रस्तुत किए गए।

156 सदस्यों ने सम्मेलन में भाग लिया। वार्षिक सम्मेलन के आयोजन से पूर्व भा.लो.प्र.सं. की क्षेत्रीय/ स्थानीय शाखाओं ने अपने-अपने मुख्यालय में सम्मेलन के विषय पर प्रस्तावना सम्मेलन/ संगोष्ठियाँ आयोजित कीं। क्षेत्रीय/ स्थानीय शाखाओं में हुए सम्मेलनों/ संगोष्ठियों की सिफारिशों को सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया।

कार्यकारी परिषद्

कार्यकारी परिषद् की बैठकें

वर्ष के दौरान कार्यकारी परिषद् की पांच बैठकें हुई- 3 मई, 2019; 30 अगस्त 2019; 17 अक्तूबर, 2019; 19 अक्तूबर, 2019 तथा 11 जनवरी, 2020।

सदस्यता

वर्ष के दौरान, 16 वार्षिक सदस्यों तथा 11 निगमित सदस्यों, जिनका अभिदान बकाया था, के नाम, संस्थान के नियम 35(1) के अंतर्गत संस्थान की सदस्यता सूची से हटा दिए गए। वर्ष के दौरान 18 आजीवन सदस्यों तथा एक वार्षिक सदस्य का निधन हुआ।

सदस्यता का वर्गवार विवरण निम्न तालिका में दिया गया है:-

	वार्षिक सदस्य	आजीवन सदस्य	सहयोगी सदस्य	छात्र सदस्य	निगमित सदस्य (वार्षिक)	निगमित सदस्य (20 वर्ष के लिए)	कुल
1. 31.3.2019 को सदस्यता	114	10596	96	7	13	67	10893
2. 2019-2020 के दौरान शामिल सदस्य	-	-	56	-	-	-	56
3. 2019-2020 के दौरान परिवर्तित सदस्य	(-) 64	(+) 64	-	-	-	-	-
4. 2019-2020 के दौरान हटाए गए सदस्य	(-) 16	-	(-) 9	-	(-) 7	(-) 4	(-) 36
5. 2019-2020 के दौरान सदस्यों की मृत्यु हुई	(-) 1	(-) 18	-	-	-	-	(-) 19
31.3.2020 को कुल सदस्यता	**33**	**10642**	**143**	**7**	**6**	**63**	**10894**

भा.लो.प्र.सं. के गणमान्य सदस्य पॉल एच.एप्पलबी पुरस्कार से सम्मानित

श्री एम. वेकंय्या नायडू, भा.लो.प्र.सं. के सभापति ने 18 अक्तूबर, 2019 को हुई सामान्य सभा के बैठक में, निम्नलिखित सदस्यों को, संस्थान तथा लोक प्रशासन के क्षेत्र में उनकी सर्वोत्कृष्ट सेवाओं के लिए, पॉल एच. एप्पलबी पुरस्कार से सम्मानित किया:

1. श्री नृपेन्द्र मिश्रा, प्रधानमंत्री के पूर्व निजी सचिव
2. श्री डी.एम. सुकथंवार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव
3. श्रीमती निर्मला बुक, मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्य सचिव
4. श्री प्रकाश सिंह, उत्तर प्रदेश के पूर्व डी.जी.पी.
5. डा. एस.बी. मेधि, आई.ए.एस. (सेवानिवृत्त)
6. प्रो. कामता प्रसाद, भा.लो.प्र.सं. के पूर्व प्रोफेसर
7. प्रो. (डा.) बी.एस. घुमन, कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय, पटियाला
8. इंजीनियर जे.बी.एस. जोहर

इंडियन जर्नल ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में सर्वोत्कृष्ट लेख हेतु वर्ष 2018 का श्री टी. एन. चतुर्वेदी पुरस्कार

श्री एम. वेकंय्या नायडू, सभापति, भा.लो.प्र.सं. ने श्री शरत कुमार को ''भारत में राज्य स्वामित्व वाले उद्यमों में समझौता ज्ञापन पद्धति: रणनीतिगत प्रबंधन का एक साधन'' विषय पर आई.जे.पी.ए. में प्रकाशित सर्वोत्कृष्ट लेख के वर्ष 2018 के श्री टी.एन. चतुर्वेदी पुरस्कार से सम्मानित किया।

लोक सेवाओं में उत्कृष्टता हेतु पुरस्कार

भा.लो.प्र.सं. ने, भा.लो.प्र.सं. एलुमनी संघ के सहयोग से, लोक सेवाओं में उत्कृष्टता हेतु एक पुरस्कार की संस्थापना की है। इस पुरस्कार में एक लाख रुपये नकद, एक साइटेशन तथा एक प्लैक शामिल है। इस वर्ष गुमला, झारखंड में लोक सेवाओं के क्षेत्र में कार्य करने वाले स्वैच्छिक सामाजिक संगठन, विकास भारती बिशनुपुर को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है।

क्षेत्रीय तथा स्थानीय शाखाएँ तथा शाखाओं की गतिविधियाँ

31 मार्च, 2020 को संस्थान की क्षेत्रीय तथा स्थानीय शाखाओं की कुल संख्या क्रमश: 24 तथा 43 थी। विचाराधीन वर्ष के दौरान क्षेत्रीय तथा स्थानीय शाखाओं और उनके पदाधिकारियों के नाम, उनके द्वारा संचालित गतिविधियाँ एवं उनसे संलग्न सदस्यों की संख्या परिशिष्ट च.3 पर है।

शाखाओं की अनेक गतिविधियाँ मासिक आई.आई.पी.ए. न्यूज़लेटर में भी रिपोर्ट दी गई हैं।

संस्थान के निदेशक श्री सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने 18 अक्तूबर, 2019 को भा.लो.प्र.सं. में हुई, क्षेत्रीय तथा स्थानीय शाखाओं के अध्यक्षों की बैठक की अध्यक्षता की। भा.लो.प्र.सं. की गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण तथा शाखाओं के विकास से संबंधित अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई। जिन क्षेत्रीय तथा स्थानीय शाखाओं के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया उनके नाम है: बिहार, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू तथा कश्मीर, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिज़ोरम, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना तथा आँध्रप्रदेश और पश्चिम बंगाल (क्षेत्रीय शाखाएँ) तथा औरंगाबाद, बरेली, बुर्दवान, कुद्दालोर, धारवाड़, हावड़ा, इंदौर, जबलपुर, कानपुर, करीम नगर, मदुरई, मेरठ, मुजफ्फरपुर, पटियाला, पाटलिपुत्र, पुडूचेरी, तंजावुर, तिरुपति, तिरुपत्तुर, विल्लुपुरम तथा वारंगल (स्थानीय शाखाएँ)।

क्षेत्रीय शाखाओं से संबद्ध संस्थान के संकाय सदस्य भी बैठक में उपस्थित थे। क्षेत्रीय शाखाओं से संबद्ध संकाय सदस्यों की सूची परिशिष्ट च.7 पर है।

वर्ष के दौरान शाखाओं को अपने कार्यों तथा गतिविधियों को चलाने के लिए 952082/- रुपये की राशि वित्तीय सहायता के रूप में प्रदान की गई। इसमें आजीवन सदस्यता पूँजीगत निधि पर अर्जित ब्याज का पचास प्रतिशत अंश शामिल है। संस्थान संगोष्ठी/

सम्मेलन, प्रस्तावना सम्मेलन आदि आयोजित करने के लिए एक वित्तीय वर्ष में क्षेत्रीय शाखाओं को 30,000/- रुपये तथा स्थानीय शाखाओं को 15,000/- रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता है, यदि शाखा (क) नियमित चुनाव करवाती है, (ख) नियमित रूप से परीक्षित लेखा विवरण तथा (ग) अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट भेजती है। इसके अतिरिक्त ब्याज का पचास प्रतिशत अंश तथा वार्षिक सदस्यता अभिदान का पचास प्रतिशत भी शाखाओं को दिया जाता है। वर्ष 2019-20 के दौरान शाखाओं को दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा परिशिष्ट च.6 पर है।

आम सभा की वार्षिक बैठक सम्मेलन जिसके लिए सभी शाखाओं को विषय-पत्र भेजा जाता है तथा आई.आई.पी.ए. न्यूज़लैटर का प्रकाशन भी सदस्योन्मुखी गतिविधियाँ हैं।

वर्धित गतिविधियाँ

निबंध प्रतियोगिता

वार्षिक निबंध पुरस्कार प्रतियोगिता - 2019 के लिए निम्नलिखित विषय चुने गए:

- जल प्रबंधन
- आंतरिक सुरक्षा मुद्दे, चुनौतियाँ तथा सुधार
- एक राष्ट्र एक चुनाव
- गाँधीजी आज के युग में

प्राप्त 27 निबंधों (18 अँग्रेजी तथा 9 हिंदी) का, प्रो. अशोक विशनदास, डा. सचिन चौधरी, डा. श्यामली सिंह तथा डा. ममता पठानिया- इन संकाय सदस्यों की एक समीति ने मूल्याँकन किया।

भारत के माननीय उपराष्ट्रपति ने भा.लो.प्र.सं. की वार्षिक निबंध पुरस्कार प्रतियोगिता 2019 के पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। किसी भी प्रविष्टि को प्रथम पुरस्कार के योग्य नहीं पाया गया। 7,000/- रुपये के द्वितीय पुरस्कार दो प्रतिभागियों को प्रदान किए गए (i) मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नई की सुश्री मैथिली एस.सेन को 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय पर उनकी प्रविष्टि के लिए तथा (ii) नई दिल्ली के श्री केवल कृष्ण सेठी को 'जल प्रबंधन' विषय पर उनके निबंध के लिए। इसके अतिरिक्त 5,000/-रुपये का तृतीय पुरस्कार, छत्तीसगढ़ के श्री अजय पाल सिंह को, 'गाँधीजी आज के युग में' विषय पर उनकी प्रविष्टि के लिए प्रदान किया गया।

प्रकरण अध्ययन कार्यक्रम

भारत के माननीय उपराष्ट्रपति ने प्रकरण अध्ययन प्रतियोगिता- 2019 के निम्नलिखित विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। किसी भी प्रविष्टि को प्रथम तथा द्वितीय पुरस्कार का योग्य नहीं पाया गया। श्री मनीष कुमार तिवारी को 4000 रुपये का एक तृतीय पुरस्कार ''कानून के नियमों को अवश्य ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाशिमपुरा कभी न हो'' विषय पर उनकी प्रविष्टि के लिए प्रदान किया गया।

अवसंरचना सुधार

संस्थान एक प्रमुख संस्थान है जिनका अपना एक हॉस्टल है जो इसके परिसर में स्थित है। यह अप्पा तथा अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों, बाहर से आने वाले सदस्यों, अतिथियों, शोध विद्वानों तथा शैक्षणिक संस्थाओं और सरकारी विभागों के अधिकारियों आदि को आवास तथा खान-पान की सुविधा उपलब्ध कराता है। हॉस्टल में 89 कमरे तथा 8 अप्पा हेतु फैमिली स्यूट्स हैं। हॉस्टल के सभी कमरों में ए.सी. तथा केबल टी.वी. है तथा शौचालय और स्नानकक्ष संलग्न हैं। लकड़ी के पैनल लगाकर हॉस्टल का नवीनकरण किया गया है।

संस्थान का वित्त

जैसा प्राप्ति तथा भुगतान लेखा (अनुसूची क) में दर्शाया गया है, वर्ष 2019-20 के दौरान, संस्थान की आय 42.86 करोड़ रुपये थी, इसके समक्ष 43.22 करोड़ रुपये का व्यय हुआ। 42.86 करोड़ रुपये की कुल आय में से संस्थान को कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार से 18.00 करोड़ रुपये (वेतन/ सामान्य/ पूँजीगत सहायता अनुदान प्राप्त हुआ।

अत: गत वर्ष से अग्रानीत 29.04 लाख रुपये के

संचित अतिरेक के समायोजन के पश्चात, अनुसूची 'क' के अनुसार वर्ष के अंत में 7.33 लाख रुपये का संचित घाटा था।

वर्ष के दौरान आंतरिक संसाधनों से कुल आय 24.86 करोड़ रुपये थी जबकि गत् वर्ष यह आय 21.33 करोड़ रुपये थी। 24.86 करोड़ रुपये की इन प्राप्तियों में मुख्यत: प्रशिक्षण शुल्क (20.79 करोड़ रुपये), शोध कार्यों से शुद्ध आय (1.93 करोड़ रुपये), प्रयोक्ता प्रभार (1.33 करोड़ रुपये), प्रकाशनों की बिक्री (3.46 लाख रुपये) आदि शामिल है। 44.22 करोड़ रुपये के कुल भुगतान में से संस्थान के केवल वेतन तथा भत्ते 10.22 करोड़ रुपये तथा पेंशन 6.00 करोड़ रुपये थी। व्यय की अन्य मुख्य मदें थी परिसर रखरखाव (2.93 करोड़ रुपये), प्रशासनिक तथा विविध व्यय (56.67 लाख रुपये) तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम (19.48 करोड़ रुपये)।

संस्थान को पूँजीगति प्रकृति की विविध गतिविधियों के कार्यान्वयन हेतु सरकार से 350.00 लाख रुपये का सहायता अनुदान (पूँजीगत) प्राप्त हुआ। जिसके समक्ष कुल 350.00 लाख रुपये का व्यय हुआ। व्यय की मुख्य मदें थीं आई.सी.टी. गतिविधियाँ, (72.39 लाख रुपये), पुस्तकालय (20.42 लाख रुपये), क्षेत्रीय/स्थानीय शाखाओं का सुदृढ़ीकरण (4.80 लाख रुपये) अवसंरचना विकास कार्य/नवीकरण कार्य (252.39 लाख रुपये)। संस्थान की वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण तुलन पत्र तथा आय और व्यय लेखा में दिया गया है।

महत्वपूर्ण आयोजन

संगोष्ठियाँ/सम्मेलन/कार्यशालाएँ/व्याख्यान

संस्थान ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित संगोष्ठियाँ/सम्मेलन/व्याख्यान आयोजित किए:

उत्पाद दायित्व तथा उपभोक्ता संरक्षण पर राष्ट्रीय सम्मेलन

उपभोक्ता केंद्र, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली ने उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार के सहयोग से 2 अप्रैल, 2019 को ''उत्पाद दायित्व तथा उपभोक्ता संरक्षण'' पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य उत्पाद देयता कानून को बेहतर रूप से समझने तथा उपभोक्ता शिकायतों के समाधान में इसके अनुप्रयोग को समर्थ बनाना था। 120 से भी अधिक प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। श्री अविनाश कुमार श्रीवास्तव सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। सुश्री गावरी गोखले, सॉलिसिटर तथा पेटेन्ट और टीएम अटॉर्नी, निशिथ देसाई एसोसिएट्स ने मुख्य संबोधन दिया। प्रो. सुरेश मिश्रा तथा डा. सपना चड्डा ने सम्मेलन का समन्वयन किया।

डा. बी.आर. अम्बेडकर के विचारों पर विचार सभा

सामाजिक न्याय में डा. अम्बेडकर चेयर, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान ने, राजनीति विज्ञान विभाग, राम लाल आनंद कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से 9 अप्रैल, 2019 को, कॉलेज के एम्फिथिएटर में 'सामाजिक आर्थिक अंतरण पर डा. बी.आर. अम्बेडकर के विचार' विषय पर एक दिवसीय विचार सभा आयोजित की। इस आयोजन के अंश स्वरूप ''अम्बेडकर का पुनर्लोकन'' विषय पर पोस्टर निर्माण तथा सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रो. सुषमा यादव, कुलपति, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, सोनीपत तथा सदस्य, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और भारतीय प्रेस परिषद; प्रो. सी. शीला रेड्डी, चेयर प्रोफेसर, सामाजिक न्याय में डा. अम्बेडकर चेयर, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान और प्रो. राकेश कुमार गुप्ता, प्रिंसिपल, रामलाल आनंद कॉलेज इस अवसर पर मुख्य वक्ता थे।

कार्यस्थल पर लिंग समानता कार्यशाला

7 जून, 2019 को ''कार्यस्थल पर लिंग समानता'' विषय पर एक-दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत सरकार ने इस कार्यक्रम को प्रायोजित किया। डा. नीतू जैन तथा डा. अमित कुमार सिंह ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

उपभोक्ता संरक्षण तथा सशक्तीकरण पर कार्यशाला

उपभोक्ता अध्ययन केंद्र, भा.लो.प्र.सं. ने राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (एस.आई.आर.डी.) लखनऊ, उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, गाज़ियाबाद के सहयोग से 5-6 जुलाई, 2019 को हापुड़ में ''उपभोक्ता संरक्षण तथा पंचायती राज संस्थाओं, ग्रामीण विकास अधिकारियों और सेवा प्रदाताओं का सशक्तीकरण'' विषय पर एक दो-दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यक्रम उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रासरूट स्तर पर कार्य करने वाले लोगों की उपभोक्ता अधिकारों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम से संबंधित सामर्थ्य-निर्माण करना था। सुश्री बबीता सिंह, ब्लॉक प्रमुख, ब्लॉक पंचायत, हापुड़ ने इस कार्यक्रम को उद्घाटन किया। प्रो. सुरेश मिश्रा तथा डा. सपना चड्डा ने इसका समन्वयन किया।

उर्वरक विभाग के अधिकारियों हेतु कार्यशाला

उर्वरक विभाग, भारत सरकार ने 13 जुलाई, 2019 को एक अत्याधुनिक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें उर्वरक विभाग के सचिव श्री छविलेन्द्र राउल से लेकर अनुभाग अधिकारियों तक व्यापक स्तर पर अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों की ग्रहणशीलता, संवेदनशीलता तथा सामर्थ्य वर्धन करना था जिसमें वे बेहतर कार्य कर सकें। प्रो. अशोक विशनदास तथा डा. सुरभि पांडे ने कार्यशाला का समन्वयन किया।

देवलोक की पुनः प्राप्ति : इस बृहत निर्णय के प्रभाव की समीक्षा- विशेष व्याख्यान

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान ने सामयिक तथा संगत महत्व के विषयों पर विशिष्ट व्याख्यान श्रृँखला आरंभ की है। इस श्रृँखला के अंतर्गत सर्वप्रथम 26 अगस्त, 2019 को ''दिव्यलोक पुनः प्राप्तिः इस बृहत निर्णय के प्रभाव की समीक्षा'' विषय पर लेफ्टिनेंट जनरल सईद अता हसनैन के व्याख्यान का आयोजन किया गया। कर्नाटक तथा केरल के पूर्व राज्यपाल तथा भा.लो.प्र.सं. के अध्यक्ष श्री टी.एन. चतुर्वेदी ने इस व्याख्यान की अध्यक्षता की। विषय पर बोलते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल हसनैन ने कहा कि भारत की जनता के दिमाग में आम धारणा थी कि अनुच्छेद 35 (ए) तथा 370 के निराकरण ने ऐसी स्थिति को जन्म दिया है जहाँ जम्मू तथा कश्मीर का मुद्दा पूर्णतया समाप्त हो गया है। किंतु यह धारणा सत्य से बहुत दूर है, यद्यपि वर्तमान में भारत के लिए, कम से कम अस्थायी रूप से यह लाभकारी है। श्री टी.एन.चतुर्वेदी, अध्यक्ष, भा.लो.प्र.सं. ने अपनी अध्यक्षीय टिप्पणी में कहा कि भारत सरकार इस तथ्य के बारे में जागरुक थी कि रणनीति के अभाव में जम्मू तथा कश्मीर में इतने लंबे समय तक गतिरोध रहा। जम्मू तथा कश्मीर में स्थिति को स्थिर करने के अतिरिक्त अनेक अन्य चीजों की जानकारी अपेक्षित हैं, जिसके लिए दीर्घावधि रणनीति की आवश्यकता है। श्री. एस.एन. त्रिपाठी, निदेशक, भा.लो.प्र.सं., ने अपने स्वागत भाषण में विशिष्ट व्याख्यान श्रृँखला की आवश्यकता पर विचार करते हुए बताया कि किस प्रकार यह श्रृँखला प्रतिभागियों तथा भा.लो.प्र.सं. दोनों के लिए उपयोगी है। डा. सपना चड्डा ने इस व्याख्यान आयोजन का समन्वयन किया तथा श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव, भा.लो.प्र.सं. ने आभार ज्ञापन किया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति : सिद्धांत तथा प्राथमिकताएँ पर विशिष्ट व्याख्यान

भा.लो.प्र.सं. ने 6 सितंबर, 2019 को ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति : सिद्धांत तथा प्राथमिकताएँ'' विषय पर इस श्रृँखला का दूसरा विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया। श्री अनिल स्वरूप, पूर्व सचिव, स्कूल शिक्षा तथा साक्षरता, ने यह व्याख्यान दिया। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए इस शिक्षा नीति की उपलब्धियों पर बल दिया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, निदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डा. रोमा देबनाथ ने इसका समन्वयन किया।

किसानों की आय दुगुनी करने पर विशिष्ट व्याख्यान

भा.लो.प्र.सं. ने 30 सितंबर, 2019 को ''किसानों की आय दुगुनी करना'' विषय पर श्रृँखला का तीसरा विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया। श्री अशोक दलवई, अध्यक्ष, राष्ट्रीय वर्षा पोषित क्षेत्र प्राधिकरण, नई दिल्ली, ने व्याख्यान दिया। श्री. एस.एन. त्रिपाठी, निदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने व्याख्यान की अध्यक्षता की। प्रो. अशोक विशनदास ने व्याख्यान का समन्वयन किया।

उपभोक्ता संरक्षण तथा उपभोक्ता कल्याण पर कार्यशाला

उपभोक्ता अध्ययन केंद्र, भा.लो.प्र.सं. ने राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (एस.आई.आर.डी.), मेघालय के सहयोग से 2-3 सितंबर, 2019 को एस.आई.आर.डी. परिसर, नॉग्सडर, मेघालय में ''उपभोक्ता संरक्षण तथा उपभोक्ता कल्याण'' पर एक दो-दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार ने इस कार्यशाला का प्रायोजित किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य उपभोक्ता आंदोलन को आगे ले जाने के लिए विभिन्न संगठनों के अधिकारियों तथा गैर-अधिकारियों में उपभोक्ता संरक्षण के संबंध में जागरुकता पैदा करना था। प्रो. सुरेश मिश्रा तथा डा. ममता पठानिया ने कार्यशाला का समन्वयन किया।

गाँधी तथा संपोषणीय जीवनशैली विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

उपभोक्ता अध्ययन केंद्र, भा.लो.प्र.सं. ने 11 अक्तूबर, 2019 को गाँधी तथा संपोषणीय जीवनशैली विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार ने इस संगोष्ठी को प्रायोजित किया। प्रो. रमेश सी. भारद्वाज, निदेशक, गाँधी भवन, दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस संगोष्ठी का उद्घाटन किया। अपने आरंभिक संबोधन में उन्होंने गाँधीवादी जीवन पद्धति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति से अधिक, गाँधी एक विचार है और सबके लिए गाँधी को एक भगवान की तरह पूजने की अपेक्षा उस विचारधारा को समझना महत्वपूर्ण है। प्रो. सलिल मिश्रा, सम कुलपति, अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली ने मुख्य व्याख्यान दिया। उन्होंने गाँधीजी की संपोषणीय जीवनशैली के विशिष्ट व्यवहारों का उल्लेख किया। प्रो. सुरेश मिश्रा तथा डा. सपना चड्डा ने संगोष्ठी का समन्वयन किया।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 पर सम्मेलन

उपभोक्ता अध्ययन केंद्र, भा.लो.प्र.सं. ने 22 अक्तूबर, 2019 को ''उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019'' पर एक उत्तरी ज़ोन क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया। उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार ने इस कार्यक्रम को प्रायोजित किया। लगभग 115 प्रतिभागियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। श्री अविनाश के. श्रीवास्तव, सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रो. सुरेश मिश्रा तथा डा. सपना चड्डा ने इस सम्मेलन का समन्वयन किया।

मोदी सरकार की सामाजिक न्याय नीतियों पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

सामाजिक न्याय में डा. अम्बेडकर चेयर, भा.लो. प्र.सं., ने सत्यवती कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय तथा नीति शोध तथा शासन केंद्र, नई दिल्ली के सहयोग से 16-17 नवंबर, 2019 को, ''मोदी सरकार की सामाजिक न्याय नीतियाँ'' विषय पर एक दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। यह संगोष्ठी आई.सी.एम. एस.आर. की आई.एम.पी.आर.ई.एस.एस. (समाजविज्ञान में प्रभावशाली नीति शोध) योजना तथा डा; अम्बेडकर फाउँडेशन, सामाजिक न्याय तथा सशक्तीकरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित थी। श्री भगवान लाल साहनी, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि थे और उन्होंने आरंभिक संबोधन दिया। डा. विनय सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, नई दिल्ली तथा संसद सदस्य राज्य सभा विशिष्ट अतिथि थे।

उन्होंने भी सभा को संबोधित किया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, निदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने सभा का स्वागत किया। प्रो. सी. शीला रेड्डी ने सामाजिक न्याय में डा. अम्बेडकर चेयर, भा.लो.प्र.सं. तथा इसकी गतिविधियों तथा इसके सहयोगी उद्यमों के संबंद्ध में संक्षेप में बताया। डा. स्वदेश सिंह, सत्यवती कॉलेज ने संगोष्ठी के विषय की रूपरेखा प्रस्तुत की।

अंतरराष्ट्रीय मामलों में भारत की रणनीतिगत संरचना पर चौथा विशिष्ट व्याख्यान

4 नवंबर, 2019 को ''अंतरराष्ट्रीय मामलों में भारत की रणनीतिगत सरंचना'' विषय पर इस श्रृँखला का चौथा विशिष्ट व्याख्यान भा.लो.प्र.सं. में आयोजित किया गया। श्री सुजन आर. महानिदेशक, भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री संघ चिनॉय (आई.डी.एस.ए.) ने यह व्याख्यान दिया। भा.लो.प्र.सं. में प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे प्रशासनिक सेवक, न्यायिक, पुलिस तथा रक्षा सेवाओं के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। व्याख्यान के पश्चात एक जीवन्त प्रश्नोत्तर सत्र हुआ। प्रो. अशोक विशनदास ने इस व्याख्यान का समन्वयन किया।

ऑनलाइन भवन अनुमति पद्धति पर कार्यशाला

नगरीय अध्ययन केंद्र, भा.लो.प्र.सं. ने 5-7 नवंबर, 2019 को इटानगर में अरुणाचल प्रदेश सरकार के 35 वरिष्ठ अधिकारियों हेतु ऑनलाइन भवन अनुमति पद्धति पर एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला आवास तथा शहरी मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित थी। प्रो. के.के. पांडेय तथा डा. कुसुम लता ने इस कार्यशाला का समन्वयन किया।

ग्यारहवाँ डा. अम्बेडकर स्मारक व्याख्यान

सामाजिक न्याय में डा. अम्बेडकर चेयर, भा.लो.प्र. सं. ने 12 दिसंबर, 2019 को ''स्वतंत्रता, समानता तथा भ्रातृत्व के विचारों को नए भारत के संदर्भ में देखना'' विषय पर 11 वाँ डा. अम्बेडकर स्मारक व्याख्यान आयोजित किया। डा. विनय सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष, भारतीय सांस्कृतिक संबंद्ध परिषद, नई दिल्ली तथा संसद सदस्य, राज्यसभा ने ज्ञानपूर्ण संबोधन दिया। डा. विनय सहस्त्रबुद्धे ने स्वतंत्रता, समानता तथा भ्रातृत्व-वास्तविक सामाजिक अंतरण के लिए आवश्यक इन तीन मुख्य सिद्धांतों का संदर्भ दिया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, निदेशक, भा.लो.प्र. सं. ने अपनी आरंभिक अभियुक्ति में संविधान निर्माण में डा. अम्बेडकर के योगदान तथा उनके विचारों तथा दर्शन के सतत औचित्य के संबंध में विचार साझा किए। श्री डी.पी. माझी, निदेशक, डा. अम्बेडकर फाउँडेशन ने सामाजिक न्याय तथा सशक्तीकरण मंत्रालय की विविध योजनाओं तथा फाउँडेशन के अंतर्गत डा. अम्बेडकर चेयर योजना के बारे में बताया। डा. सी. शीला रेड्डी, चेयर प्रोफेसर, सामाजिक न्याय में डा. अम्बेडकर चेयर, ने संक्षेप में चेयर के बारे में बताया तथा कार्यक्रम का समन्वयन किया।

भारत यू.एस. ऊर्जा पर राष्ट्रीय सम्मेलन

तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एल.एन.जी. गेल) के सहयोग से 18 दिसंबर, 2019 को ''भारत यू.एस. ऊर्जा सहयोग: नई संभवनाएँ'' विषय पर एक-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। डा. ममन द्विवेदी ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

पाँचवाँ डा. राकेश हूजा स्मारक व्याख्यान

18 दिसंबर, 2019 को ''लोक प्रशासन: उभरते भारत में अवसर तथा चुनौतियाँ'' विषय पर पाँचवें डा. राकेश हूजा स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया गया। सुश्री शैलजा चंद्रा, पूर्व मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने व्याख्यान दिया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, निदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने शिक्षा तथा प्रशासन के क्षेत्र मं डा. राकेश हूजा के बहुमूल्य योगदान को याद किया। अपने विशद तथा ज्ञानपूर्ण व्याख्यान में सुश्री चंद्रा ने सेवाओं, केडरों तथा करियर उन्नति की सीमाओं से आगे जाकर माननीय परिपेक्ष्य दिया। श्रीमती मीनाक्षी हूजा ने डा. राकेश हूजा से संबंधित अपनी यादें साझा कीं तथा स्मारक व्याख्यान को संस्थागत करवाने हेतु अपना संतोष व्यक्त किया। डा. राकेश हूजा के

परिवार तथा मित्रों, भा.लो.प्र.सं. के संकाय तथा वरिष्ठ प्रशासनिक कर्मचारियों, 45 वें अप्पा के प्रतिभागियों तथा अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रशिक्षणार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। डा. सी. शीला रेड्डी, चेयर प्रोफेसर, सामाजिक न्याय में डा. अम्बेडकर चेयर ने इस आयोजन का समन्वयन किया। उन्होंने संक्षेप में डा. राकेश हूजा के संबंध में बताया तथा आभार ज्ञापन दिया।

उपभोक्ता अधिकारों पर राष्ट्रीय कार्यशाला

उपभोक्ता अध्ययन केंद्र, भा.लो.प्र.सं., नई दिल्ली ने एस.एम.एस.जी. कॉलेज, शेरघाटी, गया, बिहार के सहयोग से 25-26 नवंबर, 2019 को ''उपभोक्ता अधिकार, उपभोग का पैटर्न तथा पर्यावरणीय मुद्दे'' विषय पर एक दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार ने इसे प्रायोजित किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बाजार अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता संरक्षण की आवश्यकता तथा महत्व को प्रकाश में लाना था। प्रो. राजेन्द्र प्रसाद, कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोध गया ने आरंभिक संबोधन दिया। श्री श्याम बिहारी मीना (आई.ए.एस.), उप सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार ने समापन संबोधन दिया। प्रो. सुरेश मिश्रा तथा डा. ममता पठानिया ने कार्यशाला का समन्वयन किया।

छठा प्रोफेसर एस. सरोजा स्मारक व्याख्यान

13 दिसंबर, 2019 को ''संविधान की बहुविध कल्पनाएँ: पाँचवीं अनुसूची का निर्माण'' विषय पर छठे प्रो. एस. सरोजा स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रोफेसर नंदिनी सुंदर, समाजशास्त्र की प्रोफेसर, दिल्ली स्कूल ऑफ इक्नॉमिक्स नई दिल्ली, मुख्य वक्ता थीं। प्रो. गीतांजलि नटराज ने व्याख्यान का समन्वयन किया।

अनसुचित जनजाति के कल्याण हेतु गैर सरकारी संगठनों का परामर्श सह कार्यशाला

जनजातीय मामले उत्कृष्टता केंद्र भा.लो.प्र.सं. ने 10-12 दिसंबर, 2019 को अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए कार्य करने वाले स्वैच्छिक संगठनों को सहायता: योजना के अंतर्गत गैर सरकारी संगठनों की परामर्श सह कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला जनजातीय मामले मंत्रालय द्वारा प्रायोजित थी। लगभग 150 गैर-सरकारी संगठनों ने इसमें भाग लिया। डा. नूपुर तिवारी ने कार्यक्रम को समन्वयन किया। माननीय केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री, श्री अर्जुन मुंडा ने जनजातीय शोध संस्थानों (टी.आर.आईज़) के सुदृढ़ीकरण तथा सामर्थ्य निर्माण के लिए आयोजित इस राष्ट्रीय परामर्श का उद्घाटन किया। उत्कृष्टता केंद्र, जनजातीय मामले, भा.लो.प्र.सं. ने 29-30 जनवरी, 2020 को जनजातीय शोध संस्थानों के सुदृढ़ीकरण और सामर्थ्य-निर्माण के लिए राष्ट्रीय परामर्श का आयोजन किया। यह परामर्श जनजातीय मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित था। इस कार्यक्रम का समग्र लक्ष्य विविध जनजातीय शोध संस्थानों के विविध व्यवहारों को स्ट्रीमलाइन करने हेतु एक मानक प्रशिक्षण प्रक्रिया तथा मॉड्यूल विकसित करना था। माननीय केंद्रीय जनजातीय मामले मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने इस आयोजन का उद्घाटन किया। डा. नुपूर तिवारी ने इस कार्यक्रम का समन्वयन किया।

चीन हमले का अंतर्वेशन पर विशिष्ट व्याख्यान

21 जनवरी, 2020 को भा.लो.प्र.सं. में चीन हमले का अंतर्वेशन विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। श्री प्रदीप बैजल, पूर्व अध्यक्ष भारतीय टेलिकॉम नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने यह विशिष्ट व्याख्यान दिया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, निदेशक भा.लो.प्र.सं. ने व्याख्यान की अध्यक्षता की। प्रो. विशनदास ने व्याख्यान का समन्वयन किया।

यूरोपीय संघ तथा भारत का शहरी एजेंडा विषय पर विशिष्ट व्याख्यान

15 जनवरी, 2020 को भा.लो.प्र.सं.में यूरोपीय संघ तथा भारत का शहरी एजेंडा विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। यूरोपीय संघ की सुश्री फेरिग्मन ने यह विशिष्ट व्याख्यान दिया। श्री. एस.एन. त्रिपाठी, निदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने व्याख्यान की अध्यक्षता की। प्रो. के.के. पांडेय ने व्याख्यान का समन्वयन किया।

राज्य विधायकों हेतु राज्य वित्त पर राष्ट्रीय कार्यशाला

भा.लो.प्र.सं. ने पी.आर.एस. विधायी शोध संगठन के साथ मिलकर 20-21 जनवरी, 2020 को भा.लो.प्र.सं. में ''राज्य विधायकों हेतु राज्य वित्त पर राष्ट्रीय कार्यशाला'' विषय पर दो-दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। डा. राजीव कुमार, उपाध्यक्ष, नीति आयोग ने ''भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति'' विषय पर मुख्य व्याख्यान दिया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, निदेशक भा.लो. प्र.सं. ने उद्घाटन संबोधन दिया। विविध राज्यों के 46 विधायकों ने इसमें भाग लिया। श्री एम.आर. माधवन, सी.ई.ओ., पी.आर.एस. विधयी शोध, आमंत्रित संकाय सदस्यों तथा भा.लो.प्र.सं. की ओर से कार्यशाला का समन्वयन करने वाले डा. वी.एन. आलोक ने व्याख्यान दिए।

डिजिटल युग में उपभोक्ता संरक्षण पर कार्यशाला

उपभोक्ता अध्ययन केंद्र, भा.लो.प्र.सं., नई दिल्ली ने हेमाचंद्राचार्य उत्तरी गुजरात विश्वविद्यालय, पटन के सहयोग से 3-4 जनवरी, 2020 को पटन, गुजरात में ''डिजिटल युग में उपभोक्ता संरक्षण विषय पर एक दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित थी। इस कार्यशाला का उद्देश्य उपभोक्ता संरक्षण तथा उपभोक्ता कल्याण के क्षेत्र में प्रतिभागियों के ज्ञान तथा कौशल का बढ़ाना था। डा. एस.के. नंदा, आई.ए.एस., पूर्व अध्यक्ष तथा एम.डी., जी.एस.एफ. सी. तथा पूर्व प्रमुख सचिव, खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग तथा पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग, गुजरात ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। श्री. डी.एल. परमार, नियंत्रक, कानूनी मापविद्या तथा निदेशक, उपभोक्ता मामले, गाँधीनगर, गुजरात, मुख्य अतिथि थे। श्री रामजी मावनी, अध्यक्ष, उपभोक्ता संरक्षण परिषद, नई दिल्ली विशिष्ट अतिथि थे। श्री एन.एम. राठोड़, सहायक नियंत्रक, विधायी माप-विद्या विभाग, मेशना, गुजरात ने समापन भाषण दिया। प्रो. सुरेश मिश्रा तथा डा. ममता पठानिया ने कार्यशाला का समन्वयन किया।

श्री टी.एन. चतुर्वेदी स्मारक विशेष व्याख्यान

संस्थान के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्री टी.एन. चतुर्वेदी की स्मृति में, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में श्री टी. एन. चतुर्वेदी स्मारक विशेष व्याख्यान श्रृँखला आरंभ हुई। भारतीय लोकतंत्र : वर्तमान एवं भविष्य विषय पर श्रृँखला का प्रथम व्याख्यान 13 फरवरी, 2020 को सायं 4.00 बजे सार्थक कक्ष (प्रथम तल), भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित किया गया। प्रख्यात पत्रकार तथा राजनीतिक विश्लेषक डा. वेद प्रताप वैदिक ने हिंदी में यह व्याख्यान दिया। श्री एस.एन. त्रिपाठी, निदेशक, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान ने इस व्याख्यान की अध्यक्षता की। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव ने कार्यक्रम का संचालन किया।

जनजातीय बुद्धिजीवी

उत्कृष्टता केंद्र, भा.लो.प्र.सं. ने ''जनजातीय बुद्धिजीवी तथा समावेश विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला 28-29 फरवरी, 2020 को कलिंग समाज विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित की गई। जनजातीय मामले मंत्रालय ने इस कार्यशाला को प्रायोजित किया और डा. नूपुर तिवारी ने इसका समन्वयन किया। भारत के विविध भागों के लगभग 200 जनजातीय पीएच.डी. विद्वानों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। श्री दीपक खांडेकर, सचिव, जनजातीय मामले मंत्रालय ने इस कार्यशाला का उद्घाटन किया तथा श्री एस.एन. त्रिपाठी, निदेशक, भा.लो.प्र.सं. ने विशिष्ट संबोधन दिया।

उपभोक्ता संरक्षण तथा उपभोक्ता कल्याण पर कार्यशाला

उपभोक्ता अध्ययन केंद्र, भा.लो.प्र.सं. ने 27-28 फरवरी, 2020 को ''उपभोक्ता संरक्षण तथा उपभोक्ता कल्याण'' पर एक दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला खाद्य, सार्वजनिक वितरण तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित

थी। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का कार्यान्वयन करने वाले 28 जिला-स्तरीय अधिकारियों ने इसमें भाग लिया। प्रो. सुरेश मिश्रा तथा डा. सपना चड्डा ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

आधुनिक युग में अपने जीवन को मास्टर करना- पर विशिष्ट व्याख्यान

भा.लो.प्र.सं. ने 3 फरवरी, 2020 को ''आधुनिक युग में अपने जीवन को मास्टर करना'' विषय पर इस श्रृँखला का सातवाँ विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया। श्री बलविंदर कुमार, सदस्य, रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) तथा पूर्व सचिव, भारत सरकार ने यह व्याख्यान दिया। श्री एन.एस. त्रिपाठी, निदेशक, भा. लो.प्र.सं. ने व्याख्यान की अध्यक्षता की। श्री अशोक विशनदास ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

भारत में उपभोक्ता संरक्षण तथा सशक्तीकरण

उपभोक्ता अध्ययन केंद्र, भा.लो.प्र.सं. ने 3-4 फरवरी, 2020 को राजकोट शहर जिला ग्राहक सुरक्षा मंडल, गुजरात के सहयोग से ''भारत में उपभोक्ता संरक्षण तथा सशक्तीकरण'' विषय पर एक दो-दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की। श्री जे.बी. पटेल, कलेक्टर, मोरबी ने संगोष्ठी का उद्घाटन किया। प्रो. सुरेश मिश्रा तथा डा. ममता पठानिया ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

गैर-सरकारी संगठनों हेतु परामर्श कार्यशाला

उत्कृष्टता केंद्र, भा.लो.प्र.सं. ने पी.एफ.एम.एस गैर-सरकारी संगठनों के साथ ''ई.ए.टी. मॉडयूल'' पर 25-26 फरवरी, 2020 को एक-दो दिवसीय परामर्श सह कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला जनजातीय मामले मंत्रालय द्वारा प्रायोजित थी। पूर देश से लगभग 70 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम डा. नुपूर तिवारी द्वारा समन्वित था।

जी.आई.एस. पर कार्यशाला

नगरीय अध्ययन केंद्र, भा.लो.प्र.सं. के प्रो. के.के. पांडेय तथा डा. कुसुम लता ने 25 फरवरी, 2020 को अरुणाचल प्रदेश में, नगर आयोजन विभाग, इटानगर पासीघाट के बाहरी स्थानीय निकायों और अरूणाचल प्रदेश सरकार के शहरी विकास तथा आवास निदेशालय के अधिशासी अधिकारियों हेतु (आई.सी.बी. कार्यक्रम के अंतर्गत) ''जी.आई.एस.: शहरी विकास का एक साधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला आवास तथा शहरी मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित थी। इस कार्यशाला का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में भौगोलिक सूचना पद्धति (जी.आई.एस.) की प्रक्रिया, लाभों तथा इसकी उपयोगिता का एक विहंगम दृश्य उपलब्ध कराना था। भा.लो.प्र.सं. की डा. कुसुम लता ने, भी विकास, प्रशिक्षण सहायक तथा (टी.सी.पी.ओ.), नई दिल्ली के विशेषज्ञ के सहयोग से इटानगर में कार्यशाला का संचालन किया।

उपभोक्ता संरक्षण में सामयिक चुनौतियाँ पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

उपभोक्ता अध्ययन केंद्र, भा.लो.प्र.सं. ने यशवंत राव चव्हाण विधि कॉलेज, पुणे के सहयोग से 2-3 मार्च, 2020 को ''उपभोक्ता संरक्षण में सामयिक चुनौतियाँ'' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की। यह संगोष्ठी उपभोक्ता मामल विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित थी। 80 से भी अधिक शोधकर्ताओं, शिक्षाविद्ों, छात्रों, विशेषज्ञों, व्यवहार्ताओं, अधिशासियों तथा गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस संगोष्ठी में भाग लिया। इस संगोष्ठी ने सभी स्टेकहोल्डरों को इसमें भाग लेकर इस क्षेत्र की नई चुनौतियों तथा उपभोक्ताओं हेतु सुरक्षित मार्ग के लिए आगे के मार्ग पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया। प्रो. सुरेश मिश्रा तथा डा. सपना चड्डा ने इसका समन्वयन किया।

संस्थान में आए गणमान्य अतिथि

जुलाई 2019 श्री बालदान बाताज़ोरिग, अध्यक्ष, मंगोलिया परिषद की प्रशासनिक सेवाएँ, महामहिम श्री गॉनचिग गैनबोल्ड, भारत में मंगोलिया के राजदूत, श्री दोर्ज डेमचिगसुरेन, प्रभारी अधिकारी, रणनीतिगत

आयोजन तथा नीति, और श्री हॉर्चिन गैनोचिर, गवर्नर कार्यालय प्रबंधक- इन चार-सदस्यीय प्रतिनिधि दल ने भा.लो.प्र.सं. का दौरा किया। भा.लो.प्र.सं. पुस्तकालय तथा अवसंरचना की प्रशंसा करते हुए उन्होंने मंगोलियन अकादमी के अपने अनुभवों को साझा किया जहाँ वे भा.लो.प्र.सं. के ही समान ई-शासन के आयोजन आयोजित करते हैं। प्रो. वी.के. शर्मा, प्रो. गीतांजलि नटराज, प्रो. सी. शीला रेड्डी तथा डा. चारु मल्होत्रा ने इस प्रतिनिधि दल का स्वागत किया।

प्रो. अरून मनोहरन, एसोसिएट प्रोफेसर, सार्वजनिक नीति तथा लोक मामले विभाग, मैनचेस्टर विश्वविद्यालय, बॉस्टन, ने 31 जुलाई, 2019 को भा.लो.प्र.सं. का दौरा किया तथा भा.लो.प्र.सं. के निदेशक, श्री. एस.एन. त्रिपाठी और डा. चारु मल्होत्रा से मिले। ''नगरपालिकाओं में डिजिटल शासन'' पर अपना पाँच सूत्री मूल्याँकन ढाँचा साझा करते हुए उन्होंने डा. मल्होत्रा द्वारा विकसित मेरी सरकार आकलन मॉडल के साथ इसे जोड़ने की संभावना का सुझाव दिया। शोध सहयोग की भावी संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

सितंबर 2019

थाईलैंड के एक प्रतिनिधि दल ने 4 सितंबर, 2019 को भा.लो.प्र.सं. का दौरा किया। श्री अमिताभ रंजन, कुलसचिव ने प्रतिनिधि दल के इस दौरे तथा भा.लो.प्र. सं. में इसके एक दिन के विचारों के आदान-प्रदान सत्र का समन्वयन किया। निदेशक भा.लो.प्र.सं. श्री एस.एन. त्रिपाठी ने प्रतिनिधि दल को मोमेंटो प्रदान किया तथा उनके साथ भा.लो.प्र.सं. के प्रकाशन साझा किए। विचारों के परस्पर आदान-प्रदान के दौरान ज्ञान साझा करने के अतिरिक्त प्रतिनिधि दल के समक्ष भारत में विविध स्तरों पर प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षण की संरचना तथा संभावना पर भी प्रकाश डाला गया। सुश्रर शुतिमा हेनपेकर्न, उप महासचिव, प्रशासनिक सेवा आयोग कार्यालय ने थाईलैंड प्रशासनिक सेवा संरचना के बारे में ज्ञानपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने भा.लो.प्र.सं., पुस्तकालय का दौरा किया तथा संस्थान में संचालित प्रशिक्षण सत्रों की एक झलक देखने के लिए चालू प्रशिक्षण सत्रों में भी उपस्थित हुए। डा. सुरभि पांडेय तथा सुश्री मेघना चुकथ, सहायक प्रकाशन अधिकारी ने भी इस परस्पर आदान-प्रदान सत्र में सहयोग दिया।

शैक्षणिक केंद्र/चेयर

संबंधित अध्ययन क्षेत्र में रूचि, अनुभव तथा विशेषज्ञता रखने वाले संकाय सदस्यों से गठित शैक्षणिक केंद्र निम्नलिखित हेतु समय-समय पर बैठक करते हैं (क) अपने क्षेत्र से संबंधित शोध तथा प्रशिक्षण की वार्षिक कार्ययोजना बनाने तथा उसकी सामयिक समीक्षा करने; (ख) व्यक्तिगत कार्य-योजना पर विचार विमर्श, समन्वयन तथा पुनरीक्षण करने; (ग) शैक्षणिक आदान-प्रदान तथा सदस्यों के व्यावसायिक विकास हेतु मंच के रूप में कार्य करने और (घ) अंतरशाखात्मक गतिविधियों को प्रोन्नति हेतु अन्य शैक्षणिक समूहों के साथ समन्वयन करने के लिए। प्रत्येक केंद्र दो वर्ष की अवधि के लिए अपना समन्वयक चुनता है (उपभोक्ता अध्ययन केंद्र, शहरी अध्ययन केंद्र तथा आई.सी.टी. और ई-शासन केंद्र को छोड़कर, इन केंद्रों के समन्वयक निदेशक नामांकित करते हैं)। सामान्यत: एक संकाय सदस्य से आठ में से तीन केंद्रों का सदस्य बनना अपेक्षित है। प्रत्येक शैक्षणिक केंद्र को अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए वित्त पोषण की खोज स्वयं करनी होती है क्योंकि तंग वित्तीय स्थिति के कारण, भा.लो.प्र.सं. इन गतिविधियों के लिए वित्त पोषण उपलब्ध नहीं करवा सकता। 31 मार्च 2020 को शैक्षणिक केंद्रों की सदस्यता का संघटन परिशिष्ट च.4 में दर्शाया गया है।

भा.लो.प्र.सं. के संकाय सदस्यों के शैक्षणिक योगदान (भा.लो.प्र.सं. में संचालित प्रशिक्षण तथा शोध के व्यतिरिक्त) का लेखा परिशिष्ट च.5 में दर्शाया गया है।

शहरी अध्ययन केंद्र

परिशिष्ट च. 10 के अनुसार

उपभोक्ता अध्ययन केंद्र

परिशिष्ट च. 11 के अनुसार

जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण तथा सूखा प्रशासन केंद्र

चालू शोध परियोजनाएँ

1. विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जलवायु स्मार्ट शासन।
2. जलवायु परिर्वतन के समक्ष जटिल आपदाओं के प्रबंधन हेतु सामर्थ्य निर्माण रणनीतियाँ, राष्ट्रीय हिमालयी अध्ययन मिशन तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित।
3. सिक्किम जिले में सिक्योर (एस.ई.सी.यू.आर.ई.) हिमालयी परियोजना परिदृश्य में मुख्य स्टेकहोल्डरों की सामर्थ्य वर्धन के लिए दीर्घावधि तक प्रभावी जीव वैविध्य संरक्षण, विकास तथा सामर्थ्य-निर्माण ढाँचे के कार्यान्वयन के लिए मुख्य स्टेकहोल्डरों की क्षमताओं तथा प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन, यू.एन.डी.पी. द्वारा प्रायोजित।
4. अन्य आपदा प्रबंधन योजनाओं का तृतीय पक्ष मूल्याँकन, एन.डी.एम.ए. द्वारा प्रायोजित।

जीववैविध्य संरक्षण हेतु सामर्थ्य आकलन तथा वर्धन, यू.एन.डी. पी. द्वारा प्रायोजित

सिक्किम अपनी भौगोलिक स्थिति द्वारा सृजित अनूठी जलवायु से समर्थित समृद्ध तथा विविधतापूर्ण वनस्पतियों तथा जीवजंतुओं के लिए जाना जाता है। कुछ वर्षों में सिक्किम में पर्यटकों की बढ़ती हुई संख्या के साथ-साथ इसकी अवसंरचना में भी तीव्रता से विकास हुआ है। बढ़ती हुई शहरी जनसंख्या के साथ हुए औद्योगिक विकास ने पर्यावरण के लिए एक गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है और इस प्रकार सिक्किम की जीववैविध्य समृद्धता को जोखिम में डाल दिया है। चूँकि सिक्किम की जीवविविधता पर्यटन को बढ़ाने में सहयोग कर राज्य की अर्थव्यवस्था के एक सशक्त स्तंभ के रूप में स्थित है अत: इसके संरक्षण तथा मुख्य स्टेकहोल्डरों के सामर्थ्य-निर्माण पर विशेष फोकस करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। सामर्थ्य विकास की इस प्रक्रिया के लिए यह जानना आवश्यक है कि कौन सी सामर्थ्य निर्माण क्षमताएँ पहले से ही विद्यमान हैं तथा कौन सी अतिरिक्त क्षमताएँ पद्धति में शामिल करने की आवश्कयता होगी।

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली को यू.एन.डी.पी. द्वारा प्रायोजित ''सिक्किम जिले में सिक्योर (एस.ई.सी.यू.आर.ई.) हिमालयी परियोजना परिदृश्य में मुख्य स्टेकहोल्डरों की सामर्थ्य वर्धन के लिए दीर्घावधि तक प्रभावी जीववैविध्य संरक्षण, विकास तथा सामर्थ्य-निर्माण ढाँचे के कार्यान्वयन के लिए मुख्य स्टेकहोल्डरों की क्षमताओं तथा प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन'' कार्य सौंपा गया है। लैंडस्केप के अंतर्गत कंचनगंगा राष्ट्रीय पार्क तथा सिंगबा रॉडॉडेनड्रम अभयारण्य संरक्षित क्षेत्र हैं तथा उत्तरी ट्राँस-हिमालय ज़ोन में त्सो-लाह्मु पठार भी प्रस्तावित संरक्षित क्षेत्र हैं। अध्ययन का फोकस दीर्घावधि जीववैविध्य संरक्षण, आजीविका वर्धन तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए मुख्य स्टेकहोल्डरों की सामर्थ्य तथा प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन करना तथा लक्ष्य स्टेकहोल्डरों की सामर्थ्य निर्माण की सामर्थ्य निर्माण के लिए रूपरेखा तथा रणनीति विकसित करना है। सामर्थ्य विकास रूपरेखा के लिए मुख्य स्टेकहोल्डरों का पहचाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अत: इस प्रक्रिया का सर्वप्रथम कदम था उपयुक्त स्टेकहोल्डरों को पहचानना तथा उनकी प्राथमिकता निर्धारित करना। तथा अगला कदम था विस्तृत ''प्रशिक्षण आवश्कयताओं का विश्लेषण'' जिससे यह निश्चित किया जा सके क्या प्रशिक्षण की आवश्यकता है और यदि है तो इस रिक्ति का पूरा करने के लिए किस प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इससे लक्ष्य समूहों में वर्तमान स्थिति के स्तर को सटीकता से पहचानने में सहायता प्राप्त हुई।

परियोजना दल में लैंडस्केप-आधारित एप्रोच का प्रयोग करते हुए जीववैविध्य संसाधनों की संपोषणीयता हेतु प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में संलग्न सरकारी अभिकरणों तथा सामुदायिक संस्थाओं और अन्य उपयुक्त स्टेकहोल्डरों की सामर्थ्य तथा प्रशिक्षण आवश्यकतों का आकलन किया। इसके अंतर्गत साहित्य समीक्षा, प्रश्नावलियों का प्रयोग करते हुए सर्वेक्षण, स्टेकहोल्डरों के साथ विचार-विमर्श, परस्पर सामुदायिक आदान-प्रदान तथा साक्षात्कार शामिल है और यह सब विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में हुआ।

विश्लेषण तथा स्टेकहोल्डरों के साथ परामर्श कार्यशालाओं के आधार पर ग्रासरूट स्तर की आश्यकताओं के स्थान पर तीन मॉड्यूल विकसित किए गए जिनमें गणनात्मक आँकड़ों के साथ व्यावहारिक तथा क्षेत्र-विशिष्ट सूचना दिखाई गई है। इनके अंतर्गत: सामान्य मॉड्यूल : जीववैविध्य संरक्षण लक्ष्यों के महत्व का संक्षिप्त परिचय उपलब्ध कराना; मॉड्यूल I- कृषि तथा जीव-वैविध्य जो राज्य में कृषि जीववैविध्य एजेंडा के कार्यान्वयन में सहायता करेगा तथा मॉड्यूल I- पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने तथा संपोषणीयता के बनाए रखने के लिए संपोषणीय पर्यटन से सुदृढ़ पर्यटन की ओर।

यह विस्तृत आकलन राज्य में जीववैविध्य संरक्षण की दिशा में वर्तमान परिदृष्य का पूण चित्रण प्रस्तुत करता है। यह प्राधिकरणों को कमजोर वर्ग अथवा उन क्षेत्रों जहाँ अधिक क्षमताओं की आवश्यकता है, पर फोकस करने में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त यह अध्ययन संबंधित स्टेकहोल्डरों को शामिल करते हुए जीववैविध्य संरक्षण को विकास आयोजन की मुख्यध ारा में लाने में सहायता करेगा। इस अध्ययन में की गई सिफारिशों के संबंध में कुछ क्षेत्र बहुत अच्छा कर रहे हैं जबकि कुछ में वर्तमान क्षमताओं में कुछ विस्तार करने की आवश्यकता है। सामर्थ्य विकास में समग्र एप्रोच करने के लिए इस अध्ययन के प्रमुख निष्कर्षों अर्थात् स्कोरकार्ड और मॉड्यूलज़ को बड़े स्तर पर श्रोताओं के मध्य प्रचारित किया जा रहा है।

जलवायु स्मार्ट शासन (2019-2020)

दो सप्ताह का संकाय विकास कार्यक्रम

17 से 28 जून, 2019 को गजरात आपदा प्रबंधन संस्थान के सहयोग से ''जलवायु स्मार्ट शासन पर दो सप्ताह का संकाय विकास कार्यक्रम'' संचालित किया गया। इस कार्यक्रम के लक्ष्य श्रोता थे- विश्वविद्यालय संकाय, देश के विविध भागों के शोध विद्वान जो पहले से ही जलवायु परिवर्तन से संबंधित विषयों पर कार्य कर रहे हैं और उन्हें इससे संबंधित पूर्व-अपेक्षित ज्ञान पहले से है। विविध क्षेत्रों तथा भूगोल, राजनीति विज्ञान, मृदा संरक्षण, वानिकी, वनस्पति विज्ञान तथा पर्यावरणीय इंजीनियरी इन विविध क्षेत्रों के संकाय सदस्यों ने इस सामर्थ्य-निर्माण कार्यक्रम में भाग लिया। कुल 23 प्रतिभागियों ने सफलता पूर्वक यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किया।

मिश्रित सामर्थ्य निर्माण कार्यक्रम : वरिष्ठ स्तरीय अधिकारी

26 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2019 को वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए मिश्रित सामर्थ्य निर्माण कार्यक्रम संचाचित किया गया। यह कार्यक्रम गुजरात आपदा प्रबंधन संस्थान, गाँधीनगर, गुजरात के सहयोग से सफलतापूर्वक चलाया गया। यह कार्यक्रम गुजरात के विविध राज्य विभागों के वरिष्ठ स्तरीय अधिकारियों के लिए चलाया गया। विभिन्न विभागों जैसे जल प्रबंधन विभाग, सड़क तथा यातायात विभाग, ऊर्जा विभाग तथा नगर निगम आदि के अधिकारियों ने सक्रिय रूप से इसमें भाग लिया तथा मिश्रित शिक्षण की इस संकल्पना की प्रशंसा की।

जलवायु परिवर्तन की दशा में जटिल आपदाओं के प्रबंधन हेतु सामर्थ्य निर्माण रणनीतियाँ (2019-20)

पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों तथा स्थानीय समुदाय हेतु सामर्थ्य निर्माण कार्यक्रम

सिक्किम के उत्तरी तथा पश्चिमी जिलों में 6 और 9 मई, 2019 को प्रशिक्षण कार्यशाला संचालित की गई। यह सामर्थ्य निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला, चुने हुए जी.पी.यूज़ के स्थानीय निवासियों, उनके पंचायत सदस्यों तथा स्कूल के छात्रों को समान रूप से ध्यान में रखकर आयोजित की गई। जी.पी.यू. जिनके लिए यह सामर्थ्य निर्माण कार्यशाला संचालित की गई वे पहले से ही सामुदायिक जोखिम रजिस्टर के विषय है तथा इस कार्यक्रम में उन मुद्दों को फोकस किया गया जिन मुद्दों पर समुदाय ने अपने-अपने जी.पी.यू. के

लिए प्रकाश डाला था। इन जी.पी.यूज़ में प्रशिक्षण का फोकस था जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली जटिल आपदाएँ। समुदाय को सिक्किम तथा स्वयं अपने क्षेत्र के संदर्भ में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति जागरुक होना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी- पर्वतीय शहरों के आपदा जोखिम न्यूनीकरण में चुनौतियाँ

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान ने सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भूमि राजस्व तथा आपदा प्रबंधन विभाग के सहयोग से 18 और 19 सितंबर, 2019 को एक दो-दिवसीय संगोष्ठी संचालित की। कार्यशाला को उद्देश्य था पर्वतीय शहरों के आपदा जोखिम न्यूनीकरण की चुनौतियों पर फोकस करना। यह कार्यशाला जलवायु परिवर्तन, आपदा जोखिम तथा संबंधित मुद्दों पर कार्य करने वाले विभागों के वरिष्ठ ता मध्यम स्तर के अधिकारियों तथा अनेक अन्य देशों के कुछ प्रतिनिधियों के लिए संबोधित थी। यह संगोष्ठी चिंतन भवन, गैंगटॉक, सिक्किम में आयोजित की गई।

जलवायु स्कूल पहल : स्कूलों को जलवायु स्मार्ट बनाना

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान ने 5 और 6 मार्च को सामुदायिक कक्ष, सोरेन्ग, पश्चिमी सिक्किम में ''जलवायु स्कूल पहल: स्कूलों को जलवायु स्मार्ट बनाना'' विषय पर दो-दिवसीय आयोजन किया। यह दो-दिवसीय आयोजन सिक्किम आपदा प्रबंधन प्राधि करण के सहयोग से ''जलवायु परिवर्तन के समक्ष जटिल आपदाओं के प्रबंधन हेतु सामर्थ्य निर्माण रणनीतियाँ'' विषयक परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। यह परियोजना राष्ट्रीय हिमालय अध्ययन मिशन तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित थी।

चित्रकला प्रतियोगिता

आयोजन के प्रथम दिन, 5 मार्च को सोरेन्ग, चुम्बंग, थर्पु, पाक्किगाँव, सोमपरिया, स्रिबदम, टिमबर्बुन्ग, गेल्लिंग, चाकुन्ग तथा दरमदिन से दस सीनियर सेकेन्डरी स्कूलों के छात्रों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस चित्रकला प्रतियोगिता का विषय था ''सिक्किम: जलवायु स्मार्ट तथा आपदा सुदृढ़ राज्य की ओर''। इन दस स्कूलों के पचास छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। के.बी. लिंबू स्मारक वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, स्रिबदम के आशिष मुखिया को प्रथम स्नान प्राप्त हुआ जबकि गेल्लिंग वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल से मंजिला बिस्व तथा थर्पु वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के कैलाश प्रधान को प्रतियोगिता में क्रमश: द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

धूपदार मौसम प्रयोगशाला का शुभारंभ

इस दो-दिवसीय आयोजन के दौरान एक स्कूल आधारित मौसम स्टेशन, धूपदार मौसल प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया। प्रतिदिन न्यूनतम तथा अधि कतम तापमान, वर्षा, आर्द्रता, वायुमंडलीय दबाव, वायु की गति तथा वायु की दिशा मापने के लिए वरिष्ठ माध्यमिक सरकारी स्कूल में छ: उपकरण लगाए गए। आशा है कि यह मौसम प्रयोगशाला छात्रों को जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील बनाकर उनमें इस तथ्य के अध्ययन के प्रति आगे उत्सुकता जगाएगी। इस सत्र में सोरेन्ग वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल तथा जूनियर हाई स्कूल, अप्पर शायरी के छात्रों तथा अध्यापकों को इस धूपदार मौसम प्रयोगशाला को चलाने के संबंध में अधि कारिक रूप से बताया गया। श्री कुंगा नीमा लेपचा, माननीय मंत्री खेल तथा युवा मामले विभाग, शिक्षा विभाग, भूमि राजस्व तथा आपदा प्रबंधन विभाग तथा विधि विभाग, सिक्किम सरकार- इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने आपदा से निबटने की पूर्व तैयारी पर इस दो-दिवसीय आयोजन आयोजित किए जाने पर अपना आभार प्रकट किया। उन्होंने इस दो-दिवसीय आयोजन में भाग लेने वाले बच्चों के उत्साह तथा जोश की प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों से पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आपदाओं से निबटने की पूर्व तैयारी हेतु भवनों में सुरक्षा मानकों का पालन करने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने विस्तार यह भी बताया

कि किस प्रकार राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रही है कि राज्य किसी भी समय आने वाली प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने के लिए तैयार रहे। उन्होंने सरकार के जलवायु स्मार्ट तथा आपदा सुदृढ़ राज्य बनाने के संकल्प को भी दोहराया।

अन्य आपदा प्रबंधन योजनाओं का तृतीय पक्ष मूल्यांकन

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान को 34 अन्य आपदा प्रबंधन योजनाओं (ओ.डी.एम.एस.) का तृतीय पक्ष का मूल्याँकन करने का काम सौंपा गया है। ओ.डी.एम.एस. में आपदा जोखिम प्रबंधन हेतु एन.डी.एम.ए. की 49 योजनाएँ; एन.आई.डी.एम., एन.डी.आर.एफ. की 03 उप-योजनाएँ तथा आपदा प्रबंधन प्रभाग अर्थात् राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कार्यक्रम और यू.एन.डी.पी. की 2 उप-योजनाऐं हैं जिनमें से 34 योजनाओं को मार्च 2020 से आगे बढ़ाना प्रस्तावित है। इस अध्ययन का उद्देश्य इन योजनाओं की प्रभावकारिता को बढ़ाना तथा प्रभावी तरीके से इसके प्रस्तावित अध्यादेश को प्राप्त करने हेतु रोडमैप उपलब्ध कराना है। यह अध्ययन इन योजनाओं हेतु आवश्यकताओं तथा प्राथमिकताओं का आकलन करने के लिए, संचालित की जाने वाली विस्तार गतिविधियों तथा कार्यक्रमों के प्रभाव तथा स्टेकहोल्डरों के मध्य समन्वयन को लिखित रूप में प्रस्तुत करने में सहायक होगा।

कार्य के वांछित क्षेत्र तथा अब तक प्राप्त किए लक्ष्यों के आधार पर किए गए कार्यनिष्पादन के आधार पर इन योजनाओं का मूल्याँकन किया जाएगा। यह अध्ययन इन परियोजनाओं की स्थिति, तथा इसमें कमियों/ चुनौतियों पर इनसाइट उपलब्ध कराएगा कि इन योजनाओं ने अपने लक्ष्य प्राप्त किए हैं अथवा नहीं।

आर्थिक विकास तथा प्रबंध अध्ययन हेतु शासन

इस केंद्र के सदस्यों द्वारा संचालित गतिविधियाँ उनके व्यक्तिगत योगदान के अंतर्गत रिपोर्ट की गई हैं।

सुशासन केंद्र

इस केंद्र की स्थापना जुलाई 2019 को की गई। इस केंद्र का अधिदेश है- कार्यालय, ई-ऑफिस, आई.टी.संबंधित गतिविधियों, भा.लो.प्र.सं. के प्रकाशनो तथा कंप्यूटर केंद्र की गतिविधियों के स्वचालन/ प्रबंधन के लिए कार्य करना। यह केंद्र भा.लो.प्र.सं. में ई-ऑफिस के कार्यान्वयन तथा इससे संबंधित प्रक्रिया प्रबंधन में संलग्न है। ई-ऑफिस कार्यक्रम संस्थान के सभी अनुभागों में कार्यान्वित किया गया है तथा फाइलों, टिप्पणियों अैर संलग्नकों आदि से संबंधित कार्य प्रक्रिया पूर्णतया स्वचालित तथा कागज़ रहित है। यह केंद्र भा.लो.प्र.सं. के प्रकाशनों के मानकों तथा गुणवत्ता विकास के लिए भी कार्य करेगा। 100 एम.बी.पी.एस. की स्पीड के साथ राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क स्थापित किया गया है।

ई-शासन केंद्र

इस केंद्र के सदस्यों द्वारा संचालित गतिविधियाँ उनके व्यक्तिगत योगदान के अंतर्गत रिपोर्ट की गई हैं।

सामाजिक न्याय में डा. बी.आर. अम्बेडरकर चेयर

(i) शोध परियोजना सम्पन्न

क्रम सं	शोध कार्य तथा परियोजना का नाम	प्रभारी व्यक्ति का नाम	दीर्घावधि/अल्पावधि कार्य/ परियोजना
1.	डा. अम्बेडकर फाउंडेशन की अंतरजातीय विवाह योजना का संभावित लाभभोगियों के जीवन पर प्रभाव	डा. सी. शीला रेड्डी	अल्पावधि (रिपोर्ट सौंप दी)
2.	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त तथा विकास निगम की योजनाओं का मूल्याँकन	डा. सी. शीला रेड्डी	अल्पावधि (रिपोर्ट सौंप दी)

(ii) छात्रों (एम.फिल/एल.एल.एम./पी.) के माध्यम से शोध अध्ययन

क्रम सं	शोध अध्ययन का नाम (अध्ययन के बाद शोध निष्कर्ष फाउँडेशन को भेजने हैं)	छात्र/विद्वान का नाम	निरीक्षक का नाम	अभ्युक्ति
1.	भारतीय डाक की ग्रामीण डाक सेवक पद्धति की एक समीक्षा: अवसर तथा चुनौतियाँ	श्री शैलेन्द्र दशोरा	प्रो. सी. शीला रेड्डी	लोक प्रशासन में 10 महीने के उच्चस्तरीय व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम (अप्पा 2019-2020) के एक प्रतिभागी
2.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में गैर-सरकारी संगठनों द्वारा चलाए जा रहे ड्रग-नशामुक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली: एक अध्ययन	डा. आनंद कटोच	प्रो. सी. शीला रेड्डी	लोक प्रशासन में 10 महीने के उच्चस्तरीय व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम (अप्पा 2019-2020) के एक प्रतिभागी

(iii) शिक्षण/प्रशिक्षण

क्रामिक तथा प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित, भा.लो.प्र.सं. के शीर्ष कार्यक्रम, लोक प्रशासन ने अग्रणी व्यवसायिक कार्यक्रम (अप्पा) में ''सामाजिक न्याय : समानता तथा सौहार्दता'' पर शाखा को संभाला। अखिल भारतीय, केंद्रीय तथा रक्षा सेवाओं के अधिकारी इस कार्यक्रम में प्रतिभागी हैं। ''सामाजिक न्याय: समानता तथा सौहार्दता'' शाखा का लक्ष्य प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों को ''सामाजिक न्याय'' विषय से संबंधित मुद्दों के प्रति संवेदनशील करना और डा. अम्बेडकर के विचारों तथा दर्शन का प्रचार करना है। शाखा के अंशस्वरूप प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों ने दिसंबर, 2019 में डा. अम्बेडकर स्मारक का दौरा किया।

(iv) संगोष्ठियाँ/कार्यशालाएँ/ समागम आयोजित

क्रम सं	दिनाँक	स्थान	संगोष्ठी/कार्यशाला/ समागम का विषय	अपेक्षित प्रतिभागियों की संख्या	कार्यशाला की कारवाई का विवरण (आयोजन के पश्चात् प्रतियाँ फाउँडेशन में जमा करनी हैं)
1.	16-17 नवंबर, 2020	सत्यवती कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से ''मोदी सरकार की सामाजिक न्याय नीतियाँ'' विषय पर दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी		70-80	प्रकाशनाधीन

(v) पुस्तकें/लेख/ जर्नल प्रकाशित

क्रम सं	पुस्तक/लेख/जर्नल का शीर्षक (नियत अवधि पर प्रतियाँ जमा करनी हैं)	लेखकों/योगदाता का नाम	प्रकाशक का नाम (प्रकाशन की लक्ष्य तिथि/महीना)
1.	'सामाजिक समाहन तथा सामाजिक न्याय का अंतर्संबध: डा. अम्बडेकर का परिपेक्ष्य'	प्रो. सी. शीला रेड्डी	सामाजिक न्याय संदेश, खंड 10, जनवरी 2020
2.	'सुशासन तथा संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य'	प्रो. सी. शीला रेड्डी	सदस्यों के 63 वें वार्षिक सम्मेलन का विषय पत्र, भा.लो.प्र.सं., 19 अप्रैल, 2019
3.	लेंसी लोबो तथा धनंजय कुमार द्वारा संपादित पुस्तक 'अम्बेडकर की विरासत: विश्लेषण तथा मूल्याँकन' में संविधान निर्माण में डा. अम्बेडकर का दर्शन	प्रो. सी. शीला रेड्डी द्वारा संपादित	रावत प्रकाशन, जयपुर, 2019, ISBN 978-81-316-1068-8
4.	सुशासन हेतु पंचायती राज संस्थाओं का सुदृढ़ीकरण	प्रो. सी. शीला रेड्डी	बिहार लोक प्रशासन जर्नल, खंड XVI, सं.01, जनवरी-जून 2019, पृष्ठ 5-11, ISSN 0974-273

(vi) पुस्तकें/लेख/ जर्नल प्रकाशित

क्रम सं	दिनाँक	स्थान	संगोष्ठी/कार्यशाला/समागम का विषय	अपेक्षित प्रतिभागियों की संख्या
1.	22 दिसंबर, 2019	भा.लो.प्र.सं.	विनय सहस्रबुद्धे, अध्यक्ष, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, नई दिल्ली तथा संसद सदस्य, राज्य सभा ने 'स्वतंत्रता, समानता तथा भ्रातृत्व के विचारों का संदर्भीकरण' विषय पर स्मारक व्याख्यान दिया	100

(vii) प्रस्तावित जागरुकता/विस्तार/प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्रम सं	दिनाँक	कार्यक्रम का विवरण	कार्यक्रम का स्थान	प्रतिभागियों की संख्या	उपेक्षित उपलब्धि
1.	26 नवंबर, 2019	70 वाँ संविधान दिवस	भा.लो.प्र.सं.	70-80	जागरुकता तथा संवेदीकरण

(viii) संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं/व्याख्यानों में वक्ता

क्रम सं	वक्ता का नाम	पत्र का शीर्षक (नियत अवधि में प्रतियाँ जमा करनी है)	संगोष्ठी/सम्मेलन का नाम
1.	डा. सी. शीला रेड्डी	05 सितंबर, 2019 को 'शासन में आचार' विषय पर व्याख्यान दिया	केंद्रीय तिब्बत प्रशासन के सचिवों, अतिरिक्त सचिवों तथा संयुक्त सचिवों हेतु रूपांतरण नेतृत्व पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (2-7 सितंबर, 2019)
2.	डा. सी. शीला रेड्डी	25 नवंबर, 2019 को 70 वें संविधान दिवस के अवसर पर गोलमेज़ में वक्ता के रूप में आमंत्रित	डा. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र (डी.ए.आई.सी.) जनपथ, नई दिल्ली

3.	डा. सी. शीला रेड्डी	13 फरवरी 2020 को ''प्रशासन, शासन तथा सामाजिक न्याय' विषय पर व्याख्यान दिया	विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 10-21 फरवरी, 2020 को, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग के तकनीकी कार्मिकों हेतु 14 वाँ सामर्थ्य निर्माण कार्यक्रम
4.	डा. सी. शीला रेड्डी	24 अप्रैल 2019 को ''भारत में सामाजिक न्याय: उपेक्षित समुदायों को सशक्त करने का प्रयत्न'' विषय पर व्याख्यान दिया	विदेश मंत्रालय के भारतीय तकनीकी तथा आर्थिक सहयोग कार्यक्रम द्वारा प्रायोजित, राष्ट्रीय ट्यूनीशिया प्रशासकों हेतु ई-शासन पर दो सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम
5.	डा. सी. शीला रेड्डी	23 अप्रैल, 2019 को ''सामाजिक न्याय: भारत में अम्बेडकर का परिपेक्ष्य)) विषय पर व्याख्यान दिया	विदेश मंत्रालय के भारतीय तकनीकी तथा आर्थिक सहयोग कार्यक्रम द्वारा प्रायोजित, बाँग्लादेश सरकार के अधिकारियों हेतु ''भारत में सामर्थ्य निर्माण कौशल विकास'' पर प्रशिक्षण
6.	डा. सी. शीला रेड्डी	06 दिसंबर, 2019 को 'महापरिनिर्वाण दिवस' के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित	यू.जी.सी. मानव संसाधन विकास केंद्र (एच.आर. डी.सी.), बी.पी.एस महिला विश्वविद्यालय, सोनीपत ख़ानपुर कलाँ, हरियाणा
7.	डा. सी. शीला रेड्डी	7 नवंबर, 2019 को 'डा. बी.आर. अम्बेडकर की सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन की संकल्पना' विषय पर आई.सी.एस.एस.आर. द्वारा प्रायोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में पेनलिस्ट के रूप में आमंत्रित	डा. बी.आर. अम्बेडकर अध्ययन केंद्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित (7-8 नवंबर, 2019;

(ix) पुस्तकों/जर्नलों/स्रोत सामग्री की खरीद हेतु प्रस्ताव दिया

क्रम सं	पुस्तक/जर्नल/स्रोत सामग्री का विषय	लेखक/संपादक का नाम	प्रकाशक का नाम, प्रकाशन का वर्ष तथा महीना	पुस्तक/जर्नल स्रोत सामग्री की कीमत, यदि कुछ है
1.	भा.लो.प्र.सं., चयन के विषय से संबंधित दलित साहित्य/ पुस्तकें हिंदी/अंगेजी दोनों में खरीद सकता है। यह पद्धति आगामी वर्ष में भी अपनाई जाएगी			

जनजातीय शोध तथा अन्वेषण केंद्र

(जनजातीय मामले मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक उत्कृष्टता केंद्र)

केंद्र की गतिविधियाँ (2019-2020)

1. जनजातीय प्रतिभा पूल के संबंध में

जनजातीय प्रतिभा पूल जनजातीय मामले मंत्रालय की एक योजना है जिसका उद्देश्य जनजातियों के लिए शिक्षण, समर्थन, योगदान तथा पहचान का वातावरण उपलब्ध करवाकर जनजातीय विद्वानों का विकास करना है। जनजातीय मामले मंत्रालय ने, अपना एक उत्कृष्टता केंद्र होने के नाते भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली को ऐसे विद्वानों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं तथा सामर्थ्य निर्माण का आकलन कर उसे सुदृढ़ करने और डॉक्टरल फेलो के जनजातीय प्रतिभा पूल में से 500 सर्वाधिक प्रतिभाशाली विद्वानों को चुनने का काम

सौंपा है। इस उद्देश्य से भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, शोध की गुणवत्ता में सुधार के लिए विविध कार्यक्रम संचालित करेगा जिससे डॉक्टरल विद्वान जनजातीय मामले में मंत्रालय द्वारा केंद्र तथा राज्य स्तर पर की जाने वाली विविध शोध तथा मूल्याँकन गतिविधियों में भाग ले सकें। यह कार्यक्रम इन विद्वानों के उद्यमता कौशल तथा योग्यता को भी पहचानेगा। चुने हुए छात्रों का आगामी जनजातीय छात्रों जिनकी शोध गतिविधियों में रूचि है के लिए मेंटर (गुरु) के रूप में कार्य करने का भी विकल्प दिया जाएगा।

गतिविधि

i. 3 से 5 दिसंबर, 2019 को जनजातीय मामले मंत्रालय द्वारा प्रायोजित जनजातीय प्रतिभा पूल हेतु आकलन तथा सुदृढ़ीकरण प्रशिक्षण।

ii. 28 दिसंबर, 2019 से 1 जनवरी 2020 को काज़ीरंगा विश्वविद्यालय के सहयोग से सिक्किम में ''जनजातियों की विरासत तथा संपोषणीयता'' विषय पर कार्यशाला।

iii. 28 और 29 फरवरी, 2020 को कलिंग समाज विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर में, जनजातीय मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जनजातीय विद्वत्वर्ग तथा उनका समाहन।

2. ''जनजातीय शोध संस्थानों की सामर्थ्य निर्माण तथा सुदृढ़ीकरण कें संबंध में

जनजातीय शोध संस्थान जनजातियों को मुख्यधारा में लाने का प्रमुख आधार हैं। ये संस्थान क्षेत्र में जनजातीय समूहों की किसी भी आवश्यकता में सर्वप्रथम प्रतिक्रिया करते हैं। जनजातीय प्रशिक्षण संस्थानों को, जनजातीय विकास, जनजातियों की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण राज्यों को साक्ष्याधारित आयोजन तथा उपयुक्त कानूनों संबंधी इनपुट उपलब्ध कराने वाले, जनजातियों तथा जनजातीय मामलों से जुड़े हुए व्यक्तियों/संस्थानों के सामर्थ्य-निर्माण, सूचना के प्रसार तथा जागरुकता आदि के सृजन हेतु विचार मंच तथा ज्ञान और शोध निकाय के रूप में देखा जाता है। ये संस्थान राज्य सरकारों को आयोजन संबंधी इनपुट उपलब्ध कराने, शोध तथा मूल्याँकन अध्ययन संचालित करने, डाटा संग्रहण करने, जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक विकास के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों को पहचानने और उनकी संस्कृति को समझने, प्रोन्नत करने तथा उसके संरक्षण के कार्य में लगे हुए हैं।

स्टेकहोल्डरों का प्रशिक्षण और सामर्थ्य निर्माण तथा ज्ञान समर्थन, इस योजना के अंतर्गत सहायता उपलब्ध कराने के प्रमुख क्षेत्र हैं जो सक्ष्याधारित नीति तथा योजना के निर्माण में सहायक होंगे। प्रशिक्षण इन कार्यक्रमों का मुख्य अंग है। जनजातीय मामले मंत्रालय ''जनजातीय शोध संस्थानों (टी.आर.आई.) को समर्थन'' योजना के अंतर्गत शोध संचालन के लिए टी.आर.आईज़ वित्त पोषण करता है। विचार-विमर्श के दौरान यह देखा गया है कि टी.आर.आईज़ की शोध परियोजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा शोध परियोजनाओं के क्षेत्रों और शोध की पद्धति और मॉनीटरन की एप्रोच एक जैसी नहीं है। इसका एक उदाहरण है वन अधिकार अधिनियम, जिसमें विविध टी.आर.आईज़ ने डाटा संग्रहण तथा प्रशिक्षण तंत्र विकसित करने के लिए भिन्न-भिन्न पद्धतियाँ विकसित की है। यह भी समझा गया है कि कुछ टी.आर.आईज़ जो अच्छा काम कर रहे हैं वे नए टी.आर.आईज़ को मेंटर (गाइड) कर सकते हैं। कुछ टी.आर.आईज़ ने कार्य के क्षेत्र, कर्मचारी बल, वित्त उपलब्धता तथा प्रशासनिक ढाँचे के संबंध में विविध समस्याएँ सामने रखी हैं। टी.आर.आईज़ के लिए एक मानक प्रशिक्षण प्रक्रिया एवं मॉड्यूल विकसित करने की आवश्यकता है। कार्यपद्धति को पुनः तैयार करने की आवश्यकता है।

गतिविधि

i. 28-29 जनवरी, 2020 को, जनजातीय मामले उत्कृष्टता केंद्र ने भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में ''जनजातीय शोध संस्थानों की सामर्थ्य निर्माण और सुदृढ़ीकरण'' पर एक राष्ट्रीय परामर्श का आयोजन किया जिसमें पूरे देश से टी.आर.आईज़ प्रमुखों ने भाग लिया।

3. शोध परियोजनाएँ

उत्कृष्टता केंद्र, जनजातीय मामले में निम्नलिखित शोध परियोजनाएँ हाथ में ली हैं:

1. लघु वन उत्पाद हेतु न्यूनतम समर्थन कीमत का मूल्याँकन
2. विशेषत: संवेदनशील जनजातीय समूहों का विकास
3. पूर्व-मैट्रिक तथा उत्तर-मैट्रिक छात्रवृत्तियाँ
4. जनजातीय उत्पादों के विकास तथा विपणन हेतु संस्थागत समर्थन
5. राष्ट्रीय/ राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त विकास निगम को समर्थन
6. नया : जनजाति केंद्रित संपोषणीय आजीविका जनन तथा नवीनता प्रेरक व्यवहार पर अध्ययन

4. जनजाति केंद्रित संपोषणीय आजीविका जनन तथा नवीनता प्रेरक व्यवहार

इस अध्ययन का उद्देश्य नवीनताओं तथा उद्यमता एवं सरकार द्वारा जनजातियों के सशक्तीकरण के लिए की गई कार्यवाही का विश्लेषण करना है, जिससे व्यापार करने में आसानी तथा स्टार्टअपस् को समर्थन मिलेगा। यह अध्ययन जनजातीय केंद्रित संपोषणीय आजीविका जनन तथा नवीनता प्रेरक व्यवहारों के कार्यान्वयन में सहायक होगा। इस अध्ययन का उद्देश्य है कौशल विकास तथा कार्यबल के लिए उत्तम तथा बाज़ार संगत सूचना तक पहुँच बढ़ाने और कैसे इन गतिविधियों को विस्तार किया जाए और कैसे इनके कार्यक्षेत्र को बढ़ाया जाए का विश्लेषण करने के लिए संस्थागत तंत्र बढ़ाना।

इस उद्देश्य से भविष्य में ''जनजातीय केंद्रित संपोषणीय आजीविका जनन तथा नवीनता प्रेरक व्यवहार'' विषय पर राष्ट्रीय परामर्श आयोजित किया जाएगा।

5. प्रकाशन रिपोर्टें, पुस्तकें, मोनोग्राफ, न्यूज़लैटर तथा उत्कृष्टता केंद्र, जनजातीय मामले का जर्नल आदि, निम्नानुसार विविध प्रकाशन निकाले:

i. लघु वन उत्पाद हेतु न्यूनतम समर्थन कीमत का मूल्याँकन
ii. विशेषत: संवेदनशील जनजातीय समूहों का विकास
iii. पूर्व-मैट्रिक तथा उत्तर-मेट्रिक छात्रवृत्तियाँ
iv. जनजातीय उत्पादों के विकास तथा विपणन हेतु संस्थान समर्थन
v. राष्ट्रीय/ राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त तथा विकास निगम को समर्थन
vi. नया: जनजाति केंद्रित संपोषणीय आजीविका जनन तथा नवीनता प्रेरक व्यवहार का अध्ययन
vii. अस्त्र-शस्त्र संस्कृति: माओवादी उग्रवाद तथा जनजातीय स्वनियम, डा. नुपूर तिवारी द्वारा
ix. जनजातीय आजीविका तथा सांस्कृतिक अभिव्यक्ति की सुरक्षा, श्री नरेशचंद्र सक्सेना द्वारा
x. अत्याधुनिक जनजातीय अध्ययन: एक सटीक ग्रंथ सूची
xi. पेसा तथा वामपंथी उग्रवाद: झारखंड, छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों का एक अध्ययन
xii. जनजातीय विकास तथा समाहन नीति
xiii. जनजातीय स्व-शासन: पेसा तथा इसका कार्यान्वयन
xiv. कार्रवाई की प्रतिलिपि: जनजातीय विकास के भिन्न-भिन्न अभिकरणों के मध्य वार्तालाप हेतु मंच का निर्माण
xv. जनजातीय बौद्धिकवर्ग तथा समाहन: आकलन की आवश्यकता पर कार्यशाला की रिपोर्ट
xvi. जनजातीय प्रतिभा पूल का आकलन तथा सुदृढ़ीकरण पर ''सी.ए.पी.आई. का प्रयोग करते हुए शोध की गुणात्मक तथा मात्रात्मक एप्रोच और डाटा संग्रहण पद्धति'' तीन दिवसीय कार्यशाला की रिपोर्ट
xvii. ''भारत में जनजातीय असंतोष, अशांति तथा उग्रवाद के कारणों का मुकाबला करने के लिए विकास के मुद्दे'' विषय पर रिपोर्ट
xviii. जनजातीय विकास, पेनल चर्चा तथा विचार मंथन के लिए विविध एजेंसियों के मध्य वार्तालाप हेतु मंच का निर्माण पर रिपोर्ट
xix. ''रेड कॉरिडोर में नृशंसता तथा वामपंथी उग्रवाद'' पर पेनल चर्चा की रिपोर्ट।

xx. जनजातीय परंपराओं तथा सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों की रक्षा पर रिपोर्ट

xxi. जनजातीय विकास के भिन्न-भिन्न अभिकरणों के मध्य वार्तालाप हेतु मंच निर्माण पर रिपोर्ट

xxii. ''जनजातीय केंद्रित संपोषणीय आजीविका जनन तथा नवीनता प्रेरक व्यवहार'' पर पेनल चर्चा की रिपोर्ट

xxiii. ''जनजातीय शोध संस्थानों की सामर्थ्य निर्माण तथा सुदृढ़ीकरण'' पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श की रिपोर्ट

